डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
30 अक्टूबर 2023 सोमवार

आज का मौसम
32 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




Page- 7

## दर्दनाक सड़क हादसे में चार स्कूली बच्चों की मौत

**बदायूं ।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के म्याऊं क्षेत्र में सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें स्कूल बस ड्राइवर और चार बच्चों की मौत हो गई। हादसे में 15 से अधिक बच्चे घायल बताए गए हैं। कई बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की संख्या की बढ़ सकती है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक, हादसा बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस और स्कूल वैन की टक्कर होने की वजह से हुआ है। डीएम ने बताया कि अभी बस चालक और चार छात्रों की मौत की पुष्टि हुई है। 16 छात्र घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बच्चों के बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों को निर्देश दिए गए हैं।

## मेरा क्रिकेट से दूर दूर तक नाता नहीं: टाटा

**नई दिल्ली ।** देश के जाने-माने उद्योगपति रतन टाटा ने आज उनके नाम से हो रहे दावों का खंडन किया है।



टाटा ने ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने आईसीसी या किसी दूसरी क्रिकेट फैकल्टी को कोई सजेशंस नहीं दिये हैं। टाटा ने लिखा, 'मैंने आईसीसी या किसी भी क्रिकेट फैकल्टी को किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना या इनाम देने के संबंध में कोई सुझाव नहीं दिया है। मेरा क्रिकेट से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। कृपया इस तरह के वाट्सएप फॉरवर्ड और वीडियो पर तब तक विश्वास न करें।' दरअसल एक फर्जी न्यूज रिपोर्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी। इसमें बताया गया था कि टाटा ने क्रिकेटर राशिद खान को 10 करोड़ रुपये देने का वादा किया है। जब यह बात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, तो रतन टाटा को खुद एक्स पर लिखकर इसका खंडन किया।

### भाजपा-कांग्रेस के *शाहों* ने लगाया जोर, भाजपा ने आयोग की *ज्यादतियों* की शिकायत की...

# डैमेज कंट्रोल के लिए अब तीन दिन बाकी नामांकन के आखिरी दिन उमड़े उम्मीदवार




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में आज विस चुनाव के लिये नामांकन दाखिले का आखिरी दिन है और सभी दलों के नेता नामांकन भरने में व्यस्त हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी से 'लाडली बहनों' के साथ नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ इंदौर में रोड शो कर रहे है। वहीं आज डैमेज कंट्रोल का भी सबसे बड़ा इम्तिहान चल रहा है। भाजपा और कांग्रेस परदे के पीछे इसमें जुटे हुए हैं। कांग्रेस को इसमें सुबह धार की तरफ से राहत मिली व पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी ने कमलनाथ से मुलाकात करके अपनी नाराजी,उम्मीदवारी छोड़कर इस्तीफा वापस ले लिया। गजेंद्र सिंह ने एक पत्र जारी करते हुए लिखा है कि वे अब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रचार अभियान में तेजी से जुटेंगे। उधर केंद्रीय मंत्री अमित शाह आज इंदौर में सुबह से 'हालातों' का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने संभागीय बैठक के बजाए वन टू वन नाराज नेताओं से चर्चा की है तथा पार्टी का काम करने की सलाह दी है। वे शाम को ग्वालियर में भी ऐसी ही बैठक लेंगे। हालांकि दो दिन पहले जबलपुर में उनकी नसीहतों के बाद भी दो नेताओं के बगावती सुर सामने आये हैं।




*मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपना नामांकन दाखिल करने से पहले आज अपने गांव जैत में नर्मदा की पूजा की। सीएम ने अपने परिवार के साथ पैतृक गांव जैत में लोगों से बात की। वे देवी दरबार सलकनपुर में मत्था भी टेकेंगे। उनके नामांकन काफिले में बड़ी संख्या में महिलायें शामिल हैं। वे शाम 4 बजे सिवनी मालवा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। फिर सोहागपुर पहुंचेगे।*

### परेशानी पूछ रहे शाह



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सुबह उज्जैन से इंदौर पहुंचे। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश प्रभारी हितानंद शर्मा भी रहे। यहां वे बागियों के साथ वन टू वन चर्चा कर रहे हैं। शाह बागियों की परेशानी और उनके समाधान पर भी चर्चा कर रहे हैं। इस बीच इंदौर की संभागीय भाजपा की बैठक निरस्त कर दी गई है। भाजपा के संभागीय प्रवक्ता आलोक दुबे ने बताया कि ये बैठक कब होगी अभी तय नहीं है। शाह दोपहर बाद इंदौर से ग्वालियर के लिए रवाना होंगे। शाह तीन दिन से मप्र के दौरे पर हैं। वे देर शाम दिल्ली लौटेंगे।

### आज तीन बजे तक ही मौका

*प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव नामांकन भरने के लिए आज आखिरी दिन होने की वजह से काफी गहमागहमी है। दोपहर तीन बजे तक ही नामांकन दाखिल होंगे। अंतिम दिन होने के कारण आज सबसे अधिक नामांकन भरे जाने की उम्मीद है। इसके चलते जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारियों को सुरक्षा इंतजाम के साथ वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई की जा सके। अब तक प्रदेश भर मे कुल 1548 नामांकन दाखिल हुए हैं।*

### केंद्रीय मंत्री यादव ने दिया चुनाव आयोग को ज्ञापन



भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से मिलकर एक विशेष सर्कुलर निकाले जाने की मांग उठाई व ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय मंत्री व चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ने भाजपा के निजी वाहनों व घरों से बैनर पोस्टर हटाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं पर की जा रही कार्रवाई को गलत बताते हुए विरोध भी जताया। उन्होंने कहा कि निजी प्रॉपर्टी पर कार्यकर्ता पार्टी और प्रत्याशी के समर्थन में झंडे और बैनर लगा सकते हैं। यादव ने अधिकारी-कर्मचारियों की भी शिकायत की व मांग उठाई कि जो अधिकारी कर्मचारी निष्पक्ष काम नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ आयोग की ओर से एक्शन लिया जाए जो गलत कार्रवाई की गई है या की जा रही है उसके संबंध में एक सर्कुलर जारी किया जाए।

## गरबा में हार्टअटैक से मौतों की असल वजह करोना!

**स्वास्थ्यमंत्री ने कहा व्यापक अध्ययन के बाद सामने आया निष्कर्ष**

**अहमदाबाद , एजेंसी।**

हाल में नवरात्र में गरबा करते समय लोगों की हार्ट अटैक से मौत के कई मामलों के बाद अब सरकार ने इसकी गहन जांच कराई है और जो नतीजा निकल कर सामने आया है, वो हर उस शख्स के लिए जानना जरूरी है, जिसे पिछले सालों में कभी कोरोना हुआ था। इसमें साफ चेतावनी है कि जिन्हें कोरोना हुए अभी ज्यादा समय नहीं बीता है वे ज्यादा शारीरिक श्रम न करें।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि आईसीएमआर ने हाल ही में एक विस्तृत अध्ययन किया गया है। अध्ययन में पाया गया है कि जिन लोगों को गंभीर कोविड हुआ था और पर्याप्त समय नहीं बीता है, उन्हें अत्यधिक परिश्रम से बचना चाहिए। ऐसे लोगों में हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा है। मंडाविया के अनुसार, ऐसे लोगों को बहुत अधिक भागदौड़ और परिश्रम करने से बचाना चाहिए। कोरोना होने के कम से कम एक या दो साल तक इस तरह की सावधानी बहुत जरूरी है। जिन्हें कोरोना हुआ था, वे बिना डॉक्टर की सलाह के, अपनी मर्जी से अत्यधिक व्यायाम भी ना करें।

## सिसौदिया को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आबकारी नीति मामले में आरोपी और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को फिर झटका लगा है। उनकी जमानत अर्जी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि अगर 6 महीनों में ट्रायल की रफ्तार धीमी रहती है तो सिसोदिया फिर से अदालत का रुख कर सकते हैं। इससे पहले बेंच ने सुनवाई के बाद 17 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान बेंच ने मौखिक टिप्पणी में कहा था कि किसी को को अनंत काल के लिए सलाखों के पीछे नहीं रखा जा सकता है। वहीं सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई और ईडी ने केस दर्ज कर रखा है। वह फरवरी से जेल में बंद हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के दौरान सिसोदिया के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी थी कि उनके खिलाफ करप्शन का कोई मामला नहीं बनता है।



आज कोर्ट में आम आदमी पार्टी नेता राघव चड्ढा की याचिका पर भी सुनवाई है। राघव ने राज्यसभा से अनिश्चितकाल के लिए निलंबित किए जाने के खिलाफ याचिका दाखिल की है। अदालत ने इस मुद्दे पर फैसला करने के लिए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी से सहायता भी मांगी है।

## भारतीयों को छुडाने को कोशिश होगी:जयशंकर

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज कतर में मौत की सजा पाने वाले आठ भारतीयों के परिवारवालों से मुलाकात की। गौरतलब है कि नौसेना के आठ पूर्व कर्मी लंबे समय से कतर की जेल में बंद हैं। हाल ही में कतर की एक अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनाई है। जयशंकर ने पूर्व नौसैनिकों के परिवार से मुलाकात के दौरान कहा कि उनकी



सरकार भारतीयों को वापस लाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'आज सुबह ही कतर में बंद आठ भारतीयों के परिवारवालों से मुलाकात की। उन्हें बताया कि सरकार इस मामले को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। हम उनके परिवारों की चिंता और दर्द साझा करते हैं।' जयशंकर ने आगे कहा, हमने स्पष्ट किया कि सरकार उन्हें छुड़ाने के लिए सबकुछ कर रही है। हम इस मामले में परिवारों से संपर्क में रहना जारी रखेंगे। निजी कंपनी अल दहरा के साथ काम करने वाले इन भारतीय नागरिकों को कथित तौर पर जासूसी के एक मामले में पिछले साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था

### आज का कार्टून




साभार: माधव जोशी

**मेट्रो एंकर** | आर्किटेक्ट युवक ने गांव लौटकर शुरू की राजनीति...

## एक करोड़ की नौकरी छोड़ चुनाव लड़ने अमेरिका से गुढ़!

**रीवा, दोपहर मेट्रो**

राजनीति का नशा और रंग बेहद निराला ही होता है। बदलते दौर के साथ ही राजनीति के प्रति लोगों की राय भी बदल रही है,खासतौर पर युवाओं की। राजनीति में आने के लिए व जमने के लिये कई नेता ताउम्र संघर्ष करते रहते हैं। मगर सियासी दुनिया छोड़ना नहीं चाहते। मगर मप्र के रीवा में नया मामला है। जहां सात समंदर पार करके चुनाव लड़ने के लिए एक युवा अमेरिका से रीवा अपने गांव आया है। इतना ही नहीं, गांव आकर अपने विधानसभा क्षेत्र से विधायकी की उम्मीदवारी पेश की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह आर्किटेक्ट युवा अमेरिका में करोड़ों रुपए सालाना के पैकेज में काम कर रहा था। इसीलिये जिले की गुढ़ विधानसभा इन दिनों ख़ब चर्चा में है।



### अमेरिका में रहने की सलाह नहीं मानी

प्रखर के पिता भानू सिंह का कहना है कि प्रखर बचपन से ही काफी होनहार थे। उन्हें अच्छा पैकेज मिलने के बाद अमेरिका में रहने की सलाह दी थी, लेकिन वे अपने बब्बा साहब से प्रभावित होकर प्रखर समाजसेवा की राह पर चल पड़े हैं। वहीं प्रखर का कहना है कि उनकी विधानसभा क्षेत्र में कई समस्याएं है, गरीबों की छोटी छोटी जरुरतें हैं जो पूरी नहीं हो पाई हैं. मेरा लक्ष्य है कि रूट लेवल पर काम करूं ताकि इनके जीवन स्तर सुधार हो और जनता खुशहाल हो जाए।

अमेरिका से आकर यहां चुनाव लड़ने मैदान में उतरे 25 साल के प्रखर प्रताप सिंह मूलतः रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान के निवासी हैं तथा प्रसिद्ध दून स्कूल देहरादून में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद अमेरिका चले गए थे। अमेरिका में आर्किटेक्ट की डिग्री और इटली में मास्टर डिग्री हासिल की। डिग्री पूरी होते ही प्रखर प्रताप सिंह को भारतीय मुद्रा के हिसाब से 1 करोड़ रुपए सालाना के पैकेज की नौकरी अमेरिका में मिल गई। लेकिन वतन की मिट्टी महक, गांव की यादें, गरीबों का दर्द यादें ताजा होती रहीं. इसी बीच अमेरिका में मौजूद इंडियन सोसाइटी में प्रखर प्रताप सिंह की मुलाकात कुछ भारतीय नेताओं से हुई और इस मुलाकात से प्रखर को नई राह पर चलने की एक उम्मीद मिल गई. राजनीति के पाठ से अनभिज्ञ आर्किटेक्ट प्रखर प्रताप सिंह भारत लौट आए और राजनीति के रण में उतार गए। खास बात यह है कि इससे पहले प्रखर प्रताप सिंह के घराने से कोई भी राजनीति में नहीं गया था। सिंह के जुनून को देखकर आम आदमी पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है।





## महिला कलचुरी मंडल भोपाल द्वारा प्री करवाचौथ पार्टी

*भोपाल। एल.एन. मेरियट एवं रिसोर्ट होटल आई. एस.बी.टी. में महिला कलचुरी मंडल भोपाल द्वारा प्री करवा चौथ पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कमलेश राय एवं सुषमा राय द्वारा होस्ट किया गया जिसमें 50 से अधिक महिलाएं सोलह श्रृगांर के साथ उपस्थित रहकर थाली, सजावाट, तंबोला, 2 गेम एवं आयोजित प्रतियोगिताओं में कर लिया गया। दोल की आवाज पर महिलाओं ने डांस का आनंद उठाया तदोपरान्त विभिन्न पुरुस्कार वितरण किया गया। लंच का आयोजन भी किया गया था।*

### अब भोपाल में साइकिल सवारों के कई ग्रुप व क्लब

# अच्छी सेहत के लिए बढ़ रहा साइकिलिंग का चस्का

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सेहत के लिये साइकिल का उपयोग राजधानी में तेजी से बढा है। बीते कुछ वर्ष में लोग शौकिया साइकिल चलाने लगे हैं। इसमें भोपाल बाइसिकल राइडर ग्रुप समेत कुछ ऐसे साइकिल चालकों के समूह हैं जो लोगों को मोटिवेट करने लगे हैं। राइडर ग्रुप के सदस्य रोजाना 20-40 किमी तक साइकिलिंग कर रहे हैं। करीब 450 से अधिक युवाओं का यह ग्रुप कोरोना काल के पहले साइकिलिंग के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। ग्रुप के संस्थापक मनीष भदौरिया ने बताया कि शुरुआत में काफी कम मेंबर्स साइकिलिंग करने आते थे लेकिन कोरोना काल में व्यायाम और इम्यूनिटी को बेहतर बनाने के लिए लोगों में साइकिलिंग को लेकर रुचि एकदम से बढ़ गई। ग्रुप मेंबर्स का कहना है कि लगातार 30 दिन तक नियमित साइकिल चलाने से जब खुद को मजबूत महसूस किया तो साइकिलिंग को दिनचर्या का एक हिस्सा बना लिया।




### हर घर से 1 सदस्य

ग्रुप का प्रयास है कि अगले एक साल में प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सदस्य साइकिलिंग से जुड़े। साइकिल चलाने वाले लोगों की माने तो वे अब अब सप्ताह में संडे के अलावा अन्य छुट्टी वाले दिन भी लंबी दूरी तक साइकिलिंग करते है। भोजपुर, कंकाली मंदिर, जैन मंदिर, सलकनपुर, सांची ,कंकाली मंदिर , सीहोर गणेश मंदिर आदि साइकिल चलाने वालों की खास जगहें हैं।

### आईएएस सत्यप्रकाश का जुनून

मप्र के सीनियर आईएएस रहे सत्यप्रकाश को साइकिल के लिये लोगों को प्रोत्साहित करने का भी श्रेय जाता है। करीब पंद्रह वर्ष पहले उन्होंने क्लब के जरिये साइकिलिस्टस का समूह तैयार करने में काफी योगदान दिया था। वे कई बार दफ्तर भी साइकिल से जाते थे। छुट्टी के दिन यह सत्यप्रकाश समेत कई सदस्य तीस से चालीस किमी तक साइकिलिंग करते थे। रिटायरमेंट के बाद भी वे इस अपने ग्रुप से जुडे रहे, कुछ समय पहले उनका निधन हुआ है।

# मलेरिया अमले की छुट्टी निरस्त, डेंगू लार्वा सर्वे का काम तेज



**नए 13 मामले सामने आने के बाद सतर्कता बढाई गई हैं। विभाग कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में डेंगू के मरीजों की संख्या में इजाफे को देखते हुए मलेरिया विभाग इस वक्त डेंगू लार्वा सर्वे का काम तेजी से कर रहा है। नए 13 मामले सामने आने के बाद सतर्कता बढाई गई हैं। विभाग कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं जिला मलेरिया अधिकारी डा. अखिलेश दुबे के निर्देश पर अब छुट्टी के दिन शनिवार और रविवार को भी लार्वा सर्वे का काम किया जायेगा। इसके चलते बीते दिन रविवार को भी नगर निगम अमले ने घर-घर पहुंचकर डेंगू लार्वा सर्वे किया।

दो अवकाश के दिनों में कोलार क्षेत्र में तीन घरों में लार्वा मिलने पर स्पाट फाइन की कार्रवाई की गई। इनमें तीन लोगों पर करीब सोलाह सौ का जुर्माना किया गया है। ऐसे ही रविवार को भी करीत तीन लोगों पर 18 सौ का जुर्माना किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने बताया कि शनिवार को डेंगू के 13 नए मामले सामने आए। शनिवार को लैब बंद होने पर किसी तरह का नुकसान नहीं हो सका। इधर, कोलार क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 80, जोन 18 में लार्वा सर्वे पखवाड़े के दौरान मलेरिया विभाग और नगर निगम की टीम ने डेंगू पाजिटिव केस का पुनःपरीक्षण भी किया है। अब तक राजधानी में इस साल के सीजन में डेंगू को 570 मामले सामने आ चुके हैं।

## राष्ट्रीय सिंधी मंच के जिला अध्यक्ष बने हीरो हिन्दू



**हिरदाराम नगर।** राष्ट्रीय सिंधी मंच द्वारा जिले की कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें भोले के दरबार के प्रमुख सेवादारी और हीरो फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू को भोपाल का जिलाध्यक्ष घोषित किया।

गया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शिव महापुराण कथा वाचक मुकेश महाराज उपस्थित रहे। साथ में राष्ट्रीय सिंधी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल उत्तवनी, नितेश लाल, राजकुमार रामानी, दर्शन कुकरेजा, राकेश शेवानी, मनीष तोलानी, मुकेश हासानी, अशोक कुमार तनवानी, प्रवीण होतवानी, माधु घनशानी सहित कई गणमान्य नागरिक और राष्ट्रीय सिंधी मंच के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## एम्स की तर्ज पर भोपाल मेमोरियल अस्पताल के कायाकल्प का दावा

**एम्स की अधीक्षक रह चुकी मनीषा श्रीवास्तव बनी है मेमोरियल अस्पताल की निदेशक**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एम्स की अधीक्षक रही डॉ मनीषा श्रीवास्तव भोपाल मेमोरियल हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) की निदेशक बनी है। जिसके बाद से उन्होंने उक्त अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के कायाकल्प की शुरूआत करने का दावा किया है। अब एक नया दावा यह किया है कि जल्द ही मेटरनिटी डिपार्टमेंट शुरू किया जाएगा। जिसके बाद महिलाओं के प्रसव यहां कराएं जा सकेंगे। अर्थात मेटरनिटी सुविधा शुरू की जाएगी। गैस पीड़तों को इसका लाभ होगा।

उक्त अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर अभी सुपरस्पेशियलिटी के तौर पर सेवाएं दे रहा है। इसके विस्तार के लिए नए भवन निर्माण करने का भी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। यहां अगले सत्र में एमबीबीएस की 100 सीटों के साथ मेडिकल कॉलेज भी शुरू किया जाना है। बीते साल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने इसकी घोषणा की थी। मेडिकल यूजी कॉलेज के लिए 22 विभागों का अस्पताल होना अनिवार्य है, जो कि मेटरनिटी सेवाओं के शुरू होने के साथ ही यह मापदंड भी पूरा हो जाएगा।



### ये होंगे फायदें

मेडिकल कॉलेज और नए अस्पताल से गैस पीड़ित और अन्य सामान्य मरीजों को फायदा होगा। अस्पताल में जहां सामान्य बीमारियों का उपचार हो सकेगा, वहीं मेडिकल कालेज से अस्पताल को नए डाक्टर और विशेषज्ञ मिलेंगे।

## बीयू के विद्यार्थी विभिन्न मांगों को लेकर करेंगे घेराव

**भोपाल ।** बीयू के छात्रावासों में सीनियर व जूनियर विद्यार्थियों को अलग-अलग रखने के कुलपति के आदेश को विद्यार्थी मानने को तैयार नहीं हैं। जब विद्यार्थी इस आदेश को नहीं मानें तो विवि प्रशासन ने उनके मेस और पानी सप्लाई को बंद कर दिया है। इसके अलावा शनिवार की रात को जवाहर छात्रावास में आग लगने की बात भी सामने आई है।

विद्यार्थियों ने कहा कि रात भर बिजली गुल रही, लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं देता है। छात्रावास की सभी सुविधाओं को बंद कर दिया गया है तो राशि किस बात की जमा करेंगे। अब इससे परेशान होकर मुंशी प्रेमचंद और जवाहर छात्रावास में रहने वाले करीब 200 विद्यार्थी एनएसयूआई के नेतृत्व में आज दोपहर 12 बजे सेंट्रल लायब्रेरी से सत्य भवन तक पद यात्रा करते हुए कुलपति का घेराव करेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### ९४ वर्षीय शास्त्रीय गजल प्रताप राय तनवानी और रमेश नानवानी का सम्मान

# देश की आठ सिंधी विभूतियां सम्मानित, इनमें भोपाल की तीन

### 20 वर्ष बाद भोपाल में प्रतिष्ठित आयोजन हुआ, गायिका मंजूश्री असुदानी ने सुमधुर सिंधी गीतों की प्रस्तुति दी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारत सिंधी बोली और साहित्य सभा, नई दिल्ली की ओर से वर्ष 2023 का वार्षिक अवार्ड कार्यक्रम सुहिणा सिंधी समारोह का आयोजन शनिवार को सिंधु भवन में किया गया। लगभग 20 वर्ष बाद भोपाल को इस प्रतिष्ठित आयोजन का सौभाग्य मिला है। इस मौके पर संगीत संध्या, सम्मान वितरण और सिंधी नाटक पोस्टकार्ड का मंचन किया गया। सभा के राष्टीय अध्यक्ष 95 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शंभू जयसिंघानी कार्यक्रम में शामिल हुए। मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी मुख्य अतिथि और राजेंद्र मनवानी विशेष अतिथि थे।बता दें कि संस्था सिंधी बोली साहित्य सभा सात दशक से सिंधी भाषा,साहित्य और कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सुहिणा सिंधी समारोह के अंतर्गत लेखन, सिंधी पत्रकारिता, चित्रकला, नाटक, गायन और संगीत साधना के लिए देश की आठ विभूतियों को सम्मानित किया गया। इनमें भोपाल की तीन विभूतियां भी शामिल रहीं। समारोह में ज्ञानचंद लालवानी, 94 वर्षीय शास्त्रीय गजल प्रताप राय तनवानी और रमेश नानवानी को सम्मानित किया गया।



### गसंगीत और नाटक से सजी शाम

सम्मान से पूर्व नागपुर से पधारी गायिका मंजूश्री असुदानी ने जहां सुमधुर सिंधी गीतों की प्रस्तुति दी, वहीं इसके बाद भोपाल की कविता इसरानी के निर्देशन में साहित्य अकादमी पुरस्कृत लेखक खीमन यू मूलाणी के सिंधी नाटक पोस्टकार्ड का मंचन किया गया। उपस्थित दर्शक श्रोताओं ने दोनों प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद उठाया।



### सम्मानित हुईं आठ विभूतियां

हीरो ठाकुर,नई दिल्ली को साहित्य अवार्ड, भगवान अटलानी,जयपुर को अदीब अवार्ड, मंजूश्री आसुदानी,नागपुर को संगीत अवार्ड, ज्ञानचंद लालवानी, भोपाल को पत्रकारिता अवार्ड, प्रताप राय तनवानी,भोपाल को फनकार अवार्ड, भोजराज खेमानी क्रांति,मुंबई को भाषा प्रमोशन अवार्ड, रमेश नानवानी,भोपाल को चित्रकला अवार्ड और किशोर लालवानी,नागपुर को नाटक अवार्ड प्रदान किया गया।

### मप्र में विधानसभा चुनाव के लिए मुद्दों की 'मारामारी'

# प्याज व महंगाई पर लौटी कांग्रेस मंदिर-महाकाल पर भाजपा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस विधानसभा चुनाव में बढ़त बनाने के लिये भाजपा और कांग्रेस उन मुदों को खंगाल रहे हैं जो जनता को सीधे छुएं। कांग्रेस ने अब आम आदमी को दी जाने वाली गारंटी और महंगाई पर फोकस करना शुरू किया है। वहीं भाजपा अयोध्या में राम मंदिर,उज्जैन का महाकाल लोक और कांग्रेस सरकार के दौरान मप्र की स्थिति खराब होने का मामला जोरशोर से उठाने लगी है। हालांकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की एक बात कांग्रेस को चुभी है और उसने चुनाव आयोग से इ सकी शिकायत की है। उधर निर्वाचन आयोग ने मतदान की तैयारियों को लेकर सरकार को जरूरी निर्देश देना शुरू कर दिया है।

आज केंद्रीय मंत्रियों की संभागों में 'ड्यूटी'

विस चुनाव प्रचार के लिये आज सीएम शिवराज सिंह चौहान सीहोर, नर्मदापुरम, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल बालाघाट एवं सिवनी, वीरेन्द्र खटीक आगर, शाजापुर, शुजालपुर एवं सुसनेर, फग्गनसिंह कुलस्ते बिछिया, लांजी, बालाघाट एवं मण्डला में रहेंगे। वहीं गोपाल भार्गव मंधाता व खण्डवा, मनोज तिवारी रायसेन, सतना, प्रभात झा उज्जैन ग्रामीण, कविता पाटीदार रतलाम एवं उज्जैन ग्रामीण में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।



बुधनी में प्रचार के दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान।

### कांग्रेस अटकाती है काम- शाह



गृह मंत्री अमित शाह आज ग्वालियर में हैं, बीती रात उज्जैन में सभा में उन्होंने कहा कि भाजपा के काम का कांग्रेस विरोध करती है। हमारी सरकार ने उज्जैन में भव्य महाकाल महालोक बनाया है लेकिन कांग्रेस महाकाल लोक का भी विरोध करती है। इसके पहले कांग्रेस राममंदिर मामले को भी सत्तर साल तक लटकाती व भटकाती रही। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासन में काशी विश्वनाथ का गलियारा बना, बद्रीनाथ और केदारनाथ का पूर्ण विकास हुआ। भारत चन्द्रयान से चंद्रमा पर भी पहुंच गया। लेकिन कांग्रेस को तो विरोध करने की आदत पड़ी है। भाजपा ट्रिपल तलाक बंद करती हैं, हम धारा 370 हटाते हैं, हम पाकिस्तान को सीधा करने का काम करते हैं और कांग्रेस इन पर सवाल उठाती है।

### सीएम शिवराज के घर वोट लेने पहुंची कांग्रेस !

सीहोर की राजनीति में एक अनोखा दृश्य देखने को मिला. जिले की बुधनी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल जैत गांव में अपने चुनाव प्रचार के दौरान प्रतिद्वंदी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर पहुंच गए. कांग्रेस प्रत्याशी ने बीजेपी उम्मीदवार शिवराज के भाई नरेंद्र सिंह चौहान ( मास्साब) सहित परिवार के लोगों से मुलाकात की. चुनावी प्रचार के दौरान विक्रम मस्ताल के इस कदम से कई लोग हैरत में पड़ गए।



### गले में प्याज की माला पहनी



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान महंगाई के विरोध में सभी प्रवक्ता गले में प्याज की माला पहनकर पहुंचे और संकेत दिया कि यही कांग्रेस का असली मुद्दा होगा। प्याज के मूल्य में हुई वृद्धि को लेकर पार्टी ने भाजपा को घेरते हुए आरोप लगाया कि इससे आमजन परेशान है तो किसानों को उचित मूल्य तक नहीं मिल रहा है। एक वर्ष में आटा से लेकर सब्जी तक दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की कीमत कई गुना बढ़ है लेकिन भाजपा सरकार को कोई चिंता नहीं है। प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि कुछ समय पहले 250 रुपये तक टमाटर पहुंच गया था और अब प्याज का मूल्य 80-90 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। एक तरफ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बहन-बेटियों को लाड़ली कहते हैं और दूसरी तरफ महंगाई की मार सह रही बहनों का मजाक बनाते हैं। मंडियों, ठेलों-दुकानों पर आमजन को सब्जी महंगी मिल रही है और किसान हाथ मल रहे हैं।

#### शाह की शिकायत लेकर कांग्रेस पहुंची आयोग

प्रदेश कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग में शिकायत कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नाम अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल को ज्ञापन देकर केंद्रीय मंत्री के विरुद्ध आचार संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। उपाध्यक्ष राजीव सिंह, प्रकाश जैन, जेपी धनोपिया सहित अन्य ने अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू है। ऐसे में केंद्रीय मंत्री ने एक बैठक में कहा कि जो अधिकारी-कर्मचारी कमल का ध्यान न रखें, उसे नहीं छोड़ना है। यह निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करने की श्रेणी में आता है, इसलिए आचार संहिता के उल्लंघन की कार्रवाई की जाए।

### 19 दिन में 150 करोड़

## एनफोर्समेंट एजेंसियों ने अवैध शराब, मादक पदार्थ, नगद, सोना-चांदी की जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद से प्रदेश में एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से विधानसभा चुनाव के लिये उड़नदस्ता दल, एसएसटी और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकद रुपये, अमूल्य धातु, सोना चांदी, ज्वेलरी सहित अन्य सामग्रियां जब्त की गई है। संयुक्त टीमों द्वारा 9 से 27 अक्टूबर तक 150 करोड़ 58 लाख 36 हजार 316 रुपये की कार्रवाई की गई है। इसमें 19 करोड़ 74 लाख 18 हजार 994 रुपये की नकद राशि, 28 करो? 90 लाख 15 हजार 533 रुपये की 16 लाख 62 हजार 511 लीटर से अधिक की अवैध शराब, 10 करोड़ 12 लाख 3 हजार 350 रुपये के मादक पदार्थ, 53 करोड़ 55 लाख 82 हजार 585 रुपये के अमूल्य धातु, सोना-चांदी, ज्वेलरी और 38 करोड़ 26 लाख 15 हजार 854 रुपये की अन्य सामग्रियां जब्त की गई है।

### कॉलेज विद्यार्थियों को जागरूक

## मतदान के लिए छात्रों ने रील बनाकर किया प्रेरित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग, रील मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद कॉलेज में किया। छात्रों ने रील बना कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह रील मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम विजेता धर्मवीर कुशवाहा और स्लोगन प्रतियोगिता में विजेता अरुण जोशी प्रथम रहे। इसमें मौजूद सभी स्वयंसेवकों ने पोस्टर मेकिंग रील, स्लोगन प्रतियोगिताओं से लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई। साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों तक इसे पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर शेयर किया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग में प्रथम विजेता निकिता अहिरवार रहीं।

## छात्रवृत्ति के आवेदन 31 दिसंबर तक भरे जा सकेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्डरी परीक्षा साल 2023 में 80 से अधिक पर्सेन्टाइल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन ही कर सकते हैं। इसी तरह साल 2019 से साल 2022 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों मिलने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप के नवीन और नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। यह आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

### कर्मचारियों का गंभीर आरोप

## कर्मचारियों के जमा पैसों में हेरफेर कर रही एनएसडीएल कंपनी!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**





सरकार की नई पेंशन योजना एनपीएस को संचालित करने वाली एनएसडीएल कंपनी मुंबई एनपीएस धारक कर्मचारी के जमा पैसे में करोड़ों रुपए की हेरा फेरी कर रही है लेकिन भारत सरकार एनएसडीएल कंपनी की जांच नहीं कर रही है इसके चलते लाखों एनपीएस धारक कर्मचारियों को प्रतिमाह करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।

यह आरोप कर्मचारी मंच ने लगाया है। उसने कहा है कि सेवानिवृत्ति के समय एनपीएस धारक कर्मचारियों को मनचाहा पैसा एनएसडीएल कंपनी भुगतान कर रही है यदि एनपीएस धारक कर्मचारी मांग करता है कि जमा पैसे का पूरा हिसाब दिया जाए तो वह कंपनी नहीं देती है। कर्मचारी मंच ने वित्त मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि एनपीएस योजना संचालित करने वाली एनएसडीएल कंपनी की निष्पक्ष जांच की जाए एनएसडीएल कंपनी पर करोड़ों रुपए की हेरा फेरी का प्रकरण दर्ज किया जाए तथा एनपीएस धारक कर्मचारियों के जमा पैसे में की गई करोड़ों रुपए की हेरा फेरी का पैसा वास्तविक एनपीएस धारक कर्मचारियों को लौटाया जाए। मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि 4 में भारत सरकार ने नई पेंशन योजना एनपीएस बनाकर देश के 2005 के बाद नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों के लिए एनपीएस नई पेंशन योजना लागू की थी। 5 बाद नियुक्त कर्मचारियों अधिकारियों को पुरानी पेंशन योजना ओपीएस के लाभ से वंचित करते हुए एनपीएस नई पेंशन योजना के दायरे में ले लिया और नई पेंशन योजना एनपीएस को संचालित करने की जिम्मेदारी निजी संस्था एनएसडीएल कंपनी मुंबई को सौंप दी थी। सरकार ने कहा था कि एनएसडीएल कंपनी के माध्यम से नई पेंशन योजना एनपीएस में कर्मचारियों को बड़ा फायदा होगा लेकिन एनएसडीएल कंपनी मुंबई ने एनपीएस नई पेंशन योजना धारक कर्मचारियों को फायदा देने के स्थान पर एनपीएस धारक कर्मचारी के जमा पूंजी मैं हेरा फेरी करना शुरू कर दिया।

### मतदाताओं के लिए बनाया गया राज्य स्तरीय कॉल सेंटर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया है। जिसका टोल फ्री नंबर 180023301950 है। किसी भी प्रकार जानकारी, सहायता व शिकायत के लिए मतदाता कार्यालयीन समय पर टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर के माध्यम से समस्या का त्वरित निदान किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में 1950 के कॉल सेंटर स्थापित किए गए हैं। जिले में स्थापित किए गए कॉल सेंटरों की मुख्यालय स्तर से निगरानी भी की जा रही है।

### आयोग से मिलने वाले निर्देशों का पालन कराया जाए

## कॉलेजों में होगी मतों की गणना, शुरू होंगी विजय जुलूस व रैलियां

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनावों के नतीजों की घोषणा के लिए इस वर्ष भी ज्यादातर जिलों में कॉलेजों पर ही नजरें रहेंगी। यहीं से विधायकों की जीत की घोषणा होगी और उन्हें विजयी प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। जिसके बाद वे विजयी जुलूस से रैली भी इन्हीं कॉलेजों के आसपास क्षेत्रों से शुरू करेंगे।

असल में उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव, प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और निजी कालेजों के प्राचार्य को एक निर्देश दिया है। जिसमें कहा है कि आयोग जो भी दिशा-निर्देश दें, उनका कड़ाई से पालन किया जाए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह भी बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत प्रदेश स्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों या महाविद्यालयों को मतदान एवं मतगणना केंद्र बनाया जा रहा है। इस संबंध में सभी कुलसचिव एवं प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने विवि या कॉलेज में मतदान एवं मतगणना के सुचारू संचालन के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।




उच्च शिक्षा विभाग ने यह भी कहा है कि इस दौरान आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए। कहीं भी किसी तरह की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, यदि मिलती है तो ठोस कार्यवाही की जाएगी। यह निजी व शासकीय सभी तरह के कॉलेजों के संबंध में लागू होगा।




**मेट्रो एंकर** | परीक्षा शुरू होने के 10 दिन पहले तक 12 हजार विलंब शुल्क

## माशिमं: 31 अक्टूबर तक 2 हजार विलंब शुल्क के साथ भर सकेंगे परीक्षा आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल ( माशिमं ) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है, लेकिन अब तक कई स्कूलों में नियमित विद्यार्थियों के तक शुल्क के साथ फार्म जमा नहीं हो सके है। इस बार भी भोपाल जिले के 300 विद्यार्थियों के फार्म जमा होना शेष है। फिलहाल 31 अक्टूबर तक दो हजार रुपये विलंब शुल्क लगेगा।

दरअसल, मंडल की 10वीं व 12वीं परीक्षा के फार्म जमा करने की तिथि 30 सितंबर तक 1200 रुपये नियमित शुल्क के साथ निर्धारित थी। इसके बाद मंडल ने एक से 15 अक्टूबर तक 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा करने की अनुमति दी। 16 से 31 अक्टूबर तक दो हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा किए जा सकते हैं। वहीं, एक से 15 नवंबर तक पांच हजार रुपये विलंब शुल्क लगेगा। इस तिथि में भी विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म जमा नहीं हुए तो 16 से 30 नवंबर तक 10 हजार रुपये विलंब शुल्क लगेगा। इसके बाद परीक्षा शुरू होने के 10 दिन पहले तक 12 हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा किया जाएगा।

### पिछले साल भी 700 से अधिक विद्यार्थी चूके



उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी 700 से अधिक स्कूलों द्वारा नियत समय तक विद्यार्थियों के फार्म जमा नहीं किए थे, जिसके बाद मंडल ने शासकीय स्कूलों को फार्म भरने में विलंब शुल्क में छूट दी थी, लेकिन जिन स्कूलों ने पांच हजार रुपये के हिसाब से तीन से चार लाख रुपये मंडल को विलंब शुल्क दिए थे। उसे मंडल ने वापस नहीं किया। वहीं सरकारी स्कूलों ने शिक्षकों से 10-10 हजार रुपये लेकर विद्यार्थियों के आवेदन भरवाए थे।

## सुविचार

`` आप में कितनी भी प्रतिभा क्यों न हो, प्रयास और अभ्यास के बिना सब व्यर्थ है ! ''

-अज्ञात

## संपादकीय

# नई कूटनीतिक चुनौती

भारत की कूटनीतिक सफलताओं की लंबी कतार है तो अब एक नयी चुनौती सामने हैं। क्योंकि कतर में पिछले साल से हिरासत में बंद आठ भारतीय पूर्व नौसेनाकर्मियों को मौत की सजा सुना दी गई है। स्वाभाविक ही पूरे देश को इस फैसले ने स्तब्ध कर रखा है। इनकी गिरफ्तारी की खबर ने भी सबको चौंकाया था, लेकिन भारत सरकार ने न केवल इसे संज्ञान में ले लिया था बल्कि आवश्यक कार्रवाई भी शुरू कर दी थी। उसके बाद इन लोगों की परिवार वालों से फोन पर बात करवाई गई और इन्हें काउंसलर मदद भी मुहैया कराई गई। लेकिन जिस तरह से अचानक वहां की एक अदालत ने इन्हें मौत की सजा सुना दी, उससे स्पष्ट है कि यह मामला भारत सरकार के लिए एक बड़ी कूटनीतिक चुनौती साबित होने वाला है। भारत को अपनी कूटनीति के सभी घोड़े तत्काल खोलने होंगे। अभी तक इन आठों भारतीयों की गिरफ्तारी की वजह भी नहीं बताई गई है। मगर स्थानीय मीडिया में जो खबरें हैं उनसे लगता है कि इन पर कतर के एक महत्वपूर्ण पनडुब्बी प्रॉजेक्ट से जुड़ी सूचनाएं लीक करने का संदेह है। ये सूचनाएं इस्राइल को भिजवाने की बात कही जा रही है। चूंकि न तो आरोप आधिकारिक तौर पर बताए गए हैं और न ही उपलब्ध सबूतों के बारे में कोई जानकारी मिल पाई है, इसलिए स्वाभाविक ही इस सजा को लेकर भारत में सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब यह भी है कि भले वे सब व्यक्तिगत हैसियत से काम कर रहे हों, लेकिन नौसेना में इनके कामकाज का बहुत अच्छा रेकॉर्ड रहा है। यह बात भी सही है कि इन्हें वहां की एक अदालत ने सजा सुनाई है और कोई भी देश आम तौर पर बाहरी कारणों से अपने जुडिशल सिस्टम में हस्तक्षेप होता नहीं देखना चाहता। बावजूद जिस वजह से यह मामला खास तौर पर संवेदनशील हो गया है, वह है इसकी टाइमिंग। कतर की अदालत का यह फैसला ऐसे समय आया है जब पूरा मध्यपूर्व एक बेहद नाजुक दौर में है। कतर में न केवल अमेरिकी और तुर्की सैनिक अड्डे हैं बल्कि उसके ईरान से भी करीबी रिश्ते हैं। यह हमास, मुस्लिम ब्रदरहुड और तालिबान से जुड़े कई नेताओं का ठिकाना भी माना जाता है। मुस्लिम दुनिया में जनमत निर्माण का एक असरदार मंच अलजजीरा न्यूज चैनल भी दोहा में ही है। कतर के विशेष प्रभाव के पीछे गैस की बदौलत फलती-फूलती उसकी इकॉनमी है। भारत कतर की गैस के सबसे बड़े आयातकों में शामिल है और वहां करीब 8 लाख भारतीय रहते हैं। पिछले दो दशकों में भारत और कतर के रिश्ते दिनों दिन अच्छे ही होते गए। बीच में थोड़ी खटास तत्कालीन भाजपा नेता रहीं नूपुर शर्मा के एक बयान से उपजे अप्रिय विवाद की वजह से जरूर आई, लेकिन उन्हें पार्टी से निलंबित कर मामले को ज्यादा बिगड़ने से रोक लिया गया। बहरहाल, इस्राइल-हमास जंग के मौजूदा माहौल में भारत के लिए कतर सरकार के साथ मिलकर इस मामले को सफलतापूर्वक निपटाना आसान नहीं होगा। हालांकि उम्मीद की किरण नजर फिर भी आती है क्योंकि आगामी 18 दिसंबर को कतर का राष्ट्रीय दिवस है और इस दिन एक खास अधिकार कतर के अमीर तमीम बिन अहमद के पास होता है, इस दिन वे कैदियों को माफी देते हैं। अब भारत अपने कूटनीतिक कदम कैसे आगे बढ़ाता है यह देखना होगा,वैसे भारत के समक्ष दुविधा यह भी है कि कतर शरिया कानून के तहत शासन होता है। मगर भारत के तर्क,हैसियत भी कमतर नहीं होंगे, क्योंकि सरकार इस मामले में पहले से कतर के साथ संवाद में है।

## निशाना

### हुआ जो धमाका !



-कृष्णेन्द्र राय


कौन इसमें लिप्त ।
हो कड़ी पड़ताल ।।
शांत चित्त माहौल में ।
किसका ये बवाल ?
हैं जो भुक्तभोगी ।
हो उनका उपचार ।।
हो सकती है साजिश ।
ना इससे इनकार ।।
हुआ जो धमाका ।
ना अब है स्वीकार ।।
विलख रहे हैं लोग ।
कौन ज़िम्मेदार ?
ना होंगी बर्दाश्त ।
ऐसी अब घटनाएं ।।
जिनकी जहां जगह ।
त्वरित वहां पहुंचाए ।।

## आज का इतिहास

- 1611 – गुस्टॉफ द्वितीय एडोल्फ 17 साल की उम्र में स्वीडन का राजा बना।
- 1922 – बेनिटो मुसोलिनी ने इटली में सरकार बनाई।
- 1930 – तुर्की तथा यूनान ने मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1945 – भारत संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- 1956 – भारत का पहला पांच सितारा होटल 'अशोक' खुला।
- 1960 – ब्रिटेन में पहली बार सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की गई।
- 1963 – अफ्रीकी देश मोरक्को तथा अल्जीरिया ने युद्ध विराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1975 – स्पेन में किंग जुआन कारलोस ने सत्ता संभाली।
- 1980 – मध्य अमेरिकी देशों होंडुरस तथा अल सल्वाडोर ने सीमा विवाद हल किया।

# अब भारतीयों के सहारे ब्रिटेन में आर्थिक प्रगति और राजनीति

**आलोक मेहता**



समय चक्र कितना बदल रहा है इसकी झलक ब्रिटेन की वर्तमान अर्थ व्यवस्था और राजनीति को देखकर समझा जा सकता है 7एक समय था , जब इंग्लैंड भारत पर राज करता था , हमारा बजट तय करता था , यहाँ तक कि अकाल की भयावह स्थिति में भी भारत का अनाज भूखे ब्रिटिश सैनिकों के पेट भरने के लिए ले जाता था और हमारे यहाँ अकाल ( 1943 ) में लाखों लोग मर गए 7 लेकिन आज वही ब्रिटेन भारतीय मूल के अरबपति व्यापारिक समूहों , भारत के साथ करीब 36 अरब पाउंड्स के व्यापारिक संबंधों , देश के बैंकिंग , स्वास्थ्य , शिक्षा , होटल उद्योग जैसी मूलभूत व्यस्वस्था के लिए भारतीय मूल के पेशेवर लोगों पर निर्भर हो रहा है 7 देश की राजनीति पर भी भारतीय संबंधों का गहरा असर है।

हिन्दू होने पर गर्व करने वाले प्रधान मंत्री और संसद में भारतीय मूल के 15 सांसद हैं 7 मुझे 1977 से अब तक 45 वर्षों में कई बार निजी अथवा ब्रिटिश सरकार के निमंत्रण या भारतीय प्रधान मंत्रियों के साथ ब्रिटेन जाने के अवसर मिले हैं 7 इस बार कुछ अंतराल के बाद दो सप्ताह की निजी यात्रा पर जाने का अवसर मिला , तो कई सुखद अनुभव हुए और भारत के बढ़ते सामाजिक आर्थिक प्रभाव की झलक मिली 7 यात्रा के दौरान भारत में रह चुके उच्चायुक्त मार्क रुनक्रेस ( ख्ड्डह्म ऋह्वठ्ठष्ह्लद्गह्य ) , नेहरू सेंटर के निदेशक और प्रसिद्ध लेखक अमीश त्रिपाठी सहित विभिन्न क्षेत्रों के कुछ विशेषज्ञों से बातचीत के अवसर भी मिले 7

लंदन में बदलाव का एक बड़ा प्रमाण इसी महीने शुरु हुए एक भव्य होटल % रैफल % होटल को देखकर मिला 7 होटल की कॉफ़ी शॉप में दो घंटे बिताए 7 तब मालूम हुआ कि ऐतिहासिक % ओल्ड वार ऑफिस % की इमारत को भारतीय मूल के जी पी हिंदुजा के पारिवारिक समूह ने खरीद कर होटल का रुप दिया है 7 हिंदुजा बंधुओं ने वर्ष 2006 में लंदन की कार्लटन हाउस टेरेस स्ट्रीट पर 25 बेडरूम वाला एक बड़ा घर 5.8 करोड़ डॉलर में खरीदा था। फिर द्वितीय विश्व युद्ध के समय ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के युद्ध कार्यालय की इस इमारत को हिंदुजा समूह ने आठ साल पहले खरीदा था। विंस्टन चर्चिल का पुराना युद्ध कार्यालय ( ह्वद्यस्र ङ्खड्डह्म्‌ ह्रद्घद्घद्बष्द्ग ) लंदन में पीएम आवास के सामने व्हाइटहाल बिल्डिंग में स्थित है। हिंदुजा समूह ने रेफेल्स होटल्स के साथ मिलकर इस ऐतिहासिक इमारत को लग्जरी रिहायशी इमारत, रेस्तरां और स्पा में तब्दील कर दिया है। हिंदुजा समूह ने फ्रांस के बहुराष्ट्रीय हॉस्पैटिलिटी समूह एकॉर के साथ मिलकर इस होटल को विकसित किया 7पुराने युद्ध कार्यालय का निर्माण 1906 में पूरा किया गया था। इसे ब्रिटिश आर्किटेक्ट विलियम यंग ने डिजाइन किया था। इस इमारत में इतिहास के कई प्रभावशाली नेताओं के कार्यालय रहे, जिनमें विंस्टन चर्चिल और डेविड लॉयड जॉर्ज जैसे नाम शामिल हैं। जेम्स बॉन्ड सीरीज की कई फिल्मों में भी यह इमारत दिखाई जा चुकी है और हालिया नेटफ्लिक्स सीरीज द क्राउन में भी इसे दिखाया गया था। नए होटल में मेहमानों के लिए 120 कमरे और सुइट्स हैं। इसमें एक विशाल बालरूम है और मशहूर शेफ माउरो कोलाग्रेको मेहमानों के लिए खाना तैयार करेंगे। इस होटल में जिस जगह महान नेताओं के कार्यालय रहे, वहां एक हैरिटेज सुइट बनाया गया है। ऐतिहासिक इमारत में 85 रिहायशी फ्लेट्स , नौ रेस्तरां और तीन बार भी बनाए गए हैं।



विंस्टन चर्चिल को भारत में खलनायक माना जाता है। भारत में विंस्टन चर्चिल को साल 1943 में भूख से हुई लाखों मौतों का जिम्मेदार माना जाता है। दरअसल चर्चिल ने बंगाल से अनाज को हटाकर विश्व युद्ध लड़ रहे अपने सैनिकों को भेज दिया था, जिसके चलते अनाज की कमी से लाखों लोगों की मौत हो गई। यही वजह है कि उसी चर्चिल के पुराने ऑफिस को भारतीय मूल के परिवार द्वारा खरीदा जाना और उसमें लग्जरी होटल का निर्माण अपने आप में दिलचस्प और गौरवपूर्ण है। ब्रिटेन इस समय आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना कर रहा है 7 ब्रिटिश राज परिवार और सरकार की कई इमारतें बिक रही हैं 7 वहीं भारतीय मूल के लोग अधिकाधिक संपत्ति लंदन और अन्य नगरों में खरीद रहे हैं 7 ब्रिटिश सरकार हिंदुजा , टाटा , अम्बानी समूहों से ब्रिटेन में पूंजी , उद्योग लगाने , व्यापार बढ़ाने का विशेष आग्रह करती हैं , ताकि उनके लोगों को अधिक रोजगार भी मिले 7

ब्रिटेन के सबसे धनवान लोगों की सूची में हिंदुजा बंधु शीर्ष पर रहे हैं। लंदन के %द संडे टाइम्स% की अमीर लोगों की सूची के मुताबिक हिंदुजा बंधुओं के पास 28.472 अरब पौंड की संपत्ति होने का अनुमान है। इसके संबंध दुनिया के प्रमुख नेताओं से रहे हैं जिनमें ईरान के तत्कालीन शाह से लेकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश सीनियर और पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और वर्तमान प्रधान मंत्री ऋषि सुनक भी शामिल हैं।इसी तरह श्रीमती इंदिरा गाँधी से लेकर वर्तमान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और विभिन्न दलों के शीर्ष नेताओं से उनके अच्छे सम्बन्ध रहे हैं 783 वर्षीय गोपीचंद हिंदुजा ने अपने भाई श्रीचंद पी हिंदुजा के हाल के निधन के बाद हिंदुजा समूह के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। वह ऑटोमोटिव, आईटी, मीडिया और मनोरंजन, बुनियादी ढांचा, तेल और विशेष रसायन, बिजली और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में फैले विविध वैश्विक व्यापार साम्राज्य को सँभालते रहे हैं । ब्रिटेन के ही एक वरिष्ठ राजनयिक ने अनौपचारिक बातचीत में बताया कि गोपीचंद हिंदुजा एक सम्मानित व्यवसायी और परोपकारी व्यक्ति हैं। वह व्यापार और प्रतिस्पर्धात्मकता पर विश्व आर्थिक मंच की वैश्विक एजेंडा परिषद के सदस्य हैं और हिंदुजा फाउंडेशन के ट्रस्टी हैं, जो भारत और दुनिया भर में कई धर्मार्थ कारणों का समर्थन करता है।हिंदुजा समूह ऑटोमोटिव, ऊर्जा, वित्त और स्वास्थ्य सेवा सहित उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला में हितों के साथ एक बहुराष्ट्रीय समूह है। समूह का 60 से अधिक देशों में संचालन है और दो लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

हिंदुजा समूह की स्थापना 1914 में अविभाजित भारत के शिकारपुर के व्यवसायी परमानंद दीपचंद हिंदुजा ने की थी। समूह का शुरुआती ध्यान व्यापार और वित्त पर था, लेकिन जल्द ही यह अन्य उद्योगों जैसे विनिर्माण, ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा में भी फैल गया।हिंदुजा समूह हाल के वर्षों में उल्लेखनीय रूप से विकसित हुआ है, और अब यह दुनिया की सबसे बड़ी निजी स्वामित्व वाली कंपनियों में से एक है। हिंदुजा समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी है, और यह कई देशों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जी पी की मान्यता है कि यह ग्रुप हमेशा फाइनेंस और ट्रेडिंग में यकीन करता है। वेल्थ मैनेजमेंट हमारे खून के भीतर रहा है। फाइनेंस और बैंकिंग हमारे ग्रुप का अभिन्न हिस्सा रहा है। जब भी हमें कुछ अच्छे अवसर मिलते हैं, तो उद्यमी होने के नाते हम इसमें किस्मत आजमाते हैं। हमारा उद्देश्य वर्षों से प्राप्त अनुभव और रिश्तों के आधार पर सबसे बड़े ग्लोबल मल्टीफैमिली ऑफिस का निर्माण करना है। अ जहां तक ग्रुप का संबंध है, वे केवल एक चीज में विश्वास करते हैं वह यह कि हमें क्या देना है।सब कुछ सबका है 7 ग्रुप में यह माना जाता है कि सब कुछ सबका है, कुछ भी किसी का नहीं है। हिंदुजा का कहना है % हमारे पिता ने हमें सिखाया कि यदि आप पैसे कमा रहे हैं, तो आपको कोशिश करनी चाहिए और देखना चाहिए कि कैसे जरूरतमंद लोगों को और समाज को दिया जाए। अगर ये टैक्स आ रहे हैं, तो इसकी अच्छी खासी जरूरत भी है। हम इसे अपने साथ स्वर्ग में नहीं ले जाने वाले नहीं हैं। मरना एक दिन सभी को है।÷

दूसरी तरफ भारत और ब्रिटेन के आर्थिक विकास पर समूह का कहना है कि फ्यूचर तो ग्रीन, स्थिरता और इलेक्ट्रिक वाहन का है। उन्हें लगता है कि पुरानी अर्थव्यवस्था खत्म हो गई है और चीजें बदल गई हैं। इसलिए वे सिर्फ एक बिजनेस में टिके नहीं रहते हैं।इनके पास लगभग 11 टेक्नॉलोजी कंपनियां हैं। वे साइबर सिक्योरिटी पर बहुत ध्यान दे रहे हैं। कंपनी का नाम सायक्यूरेक्स ( CyQureX )है और साइबर सुरक्षा का भविष्य बहुत अच्छा है। निश्चित रूप से यह ग्रुप पिछले 100 वर्षों में विकसित हुआ है और आगे भी हमेशा बढ़ता रहेगा। हिंदुजा ग्रुप के अध्यक्ष गोपीचंद हिंदुजा ने आर्थिक मंचों पर कहा है कि भारत 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी हासिल कर सकता है। लेकिन, इस लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ने के लिए ब्रिटिश काल जैसी नौकरशाही ( ब्यूरोक्रेसी ) व्यवस्था बदलने की जरूरत है। हिंदुजा ने कहा है कि अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतरीन कदम उठाए और उनका नजरिया भी शानदार है, लेकिन उनकी टीम को और तेजी दिखानी होगी। उनकी कंपनी भारत में ज्यादा से ज्यादा निवेश करना चाहती है, क्योंकि दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले यहां सबसे ज्यादा मौके हैं।

# गगनयान से उम्मीदें आसमान पर, टेस्ट अबॉर्ट मिशन-1

**अभिषेक कुमार सिंह**

धरती से ऊपर के आकाश को देखने के कई नजरिए हो सकते हैं। एक आम इंसान भी बड़े लक्ष्यों और उम्मीदों के फलीभूत होने की प्रार्थना के साथ आकाश की ओर देखता है। लेकिन भारत और उसके अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के लिए यह आसमान या अंतरिक्ष ऐसी जगह में तब्दील हो गया है जो देश को विकास और अनुसंधान की तमाम प्रेरणाएं देने के साथ-साथ पूरे विश्व की उस पांत में शामिल कराने का जरिया बन गया है, जहां पहुंचने का सपना आज कई मुल्क देख रहे हैं और जहां पहुंचे बिना कोई विकास अब अधूरा लगता है। हाल ही में इंसानों को अंतरिक्ष में भेजने के इसरो के अभियान गगनयान की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में टेस्ट अबॉर्ट मिशन-1 का सफल प्रक्षेपण हुआ। इससे यह उम्मीद बंधी कि यहां से भारत जिस जगह पहुंचेगा, वहां अभी अमेरिका, रूस और चीन के अलावा दुनिया का कोई और मुल्क मौजूद नहीं होगा।



असल में, गगनयान मिशन इसरो की वह महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत भारत का उद्देश्य इंसान को अंतरिक्ष में पहुंचाना है। हालांकि हाल में ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-× के लैंडर और रोवर की सफल लैंडिंग के जरिये भारत ने वह मोर्चा फतह कर लिया है, जिसे पाने में दुनिया की महाशक्तियां तक नाकाम रही हैं। साथ ही, मंगल और सूर्य को लेकर इसरो के अभियानों ने यह भरोसा पैदा किया है कि अब कोई अंतरिक्षीय उपलब्धि इतनी बड़ी नहीं है जिसे भारत की पहुंच के दायरे से बाहर मानी जाए। लेकिन अंतरिक्ष में इंसानों को पहुंचाना और वहां से सकुशल पृथ्वी पर वापस लाने का काम आज भी बहुत चुनौतीपूर्ण हैं। कई चरणों वाले गगनयान मिशन की अगली कड़ियों के तहत अगले साल मानवरहित या कहें कि अनमैन्ड मिशन भेजा जाएगा। यानी इसमें किसी भी मानव को स्पेस में नहीं भेजा जाएगा। अनमैन्ड मिशन के सफल होने के बाद मैन्ड मिशन होगा, जिसमें इंसान अंतरिक्ष में जाएंगे। भारत से पहले यह उपलब्धि सोवियत संघ (रूस), अमेरिका और चीन हासिल कर चुके हैं। पहले 12 अप्रैल, 1961 को सोवियत रूस के यूरी गागरिन 108 मिनट तक अंतरिक्ष में रहे थे। इसके कुछ ही दिनों बाद 5 मई, 1961 को अमेरिका के एलन शेफर्ड अंतरिक्ष में पहुंचे और 15 मिनट तक वहां रहे। सबसे अंत में चीन के यांग लिवेड 15 अक्तूबर, 200× को अंतरिक्ष में पहुंचे थे और उन्होंने वहां 21 घंटे का समय बिताया था।

भारत का गगनयान इसी दिशा में बढ़ता एक अभियान है जो अंतरिक्ष पर्यटन से लेकर भावी सुदूर अंतरिक्ष यात्राओं का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इस अभियान में अभी की बढ़त यह कि गगनयान के क्रू एस्केप सिस्टम की पहली दो कड़ियों का परीक्षण सफलता के साथ हो गया है और इससे हमारा वैज्ञानिक जगत आश्वस्त कर सकता है कि मंगल और चंद्रमा के अभियानों की तरह ही गगनयान इसरो व भारत की शान में चार चांद लगाने वाला साबित होगा। खास तौर पर गगनयान अंतरिक्ष पर्यटन की भारतीय कोशिशों को एक नया आधार दे सकता है।

भूलें नहीं कि चंद्रयान-× की सफलता पर प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष पर्यटन संबंधी एक नया नारा दिया था। उन्होंने विक्रम लैंडर के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पदार्पण पर कहा था- चंदा मामा टूर के। इसका आशय यह लगाया जा सकता है कि आगे चलकर इसरो अंतरिक्ष पर्यटन की योजनाओं को अमल में ला सकता है। हालांकि यह बहुत संभव है कि इसमें निजी कंपनियों की मदद ली जाए क्योंकि ऐसी योजनाओं का उद्देश्य अनुसंधान को आगे बढ़ाने से 'यादा कमाई करना होता है।

उल्लेखनीय है कि अभी दुनिया में अमेरिका की दो निजी स्पेस कंपनियां- वर्जिन गैलेक्टिक और ब्लू ऑरिजिन ही ऐसे अभियानों को अमल में लाने का प्रयास करते दिखाई दे रही हैं। वर्ष 2021 में वर्जिन गैलेक्टिक नामक स्पेस कंपनी के मालिक रिचर्ड ब्रैन्सन अपने पांच कर्मचारियों के साथ अंतरिक्ष की उपकक्षीय (सब-ऑर्बिटल) उड़ान आयोजित करने में सफल रहे थे। इसी तरह उसी वर्ष 2021 में ईकॉमर्स कंपनी- अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोफ ने भी अपनी स्पेस कंपनी ब्लू ऑरिजिन के न्यू शेपर्ड यान से अंतरिक्ष की उड़ान भरी थी। ब्रैन्सन और बेजोस की कंपनियों की पहलकदमियां नई जरूर हैं, पर अंतरिक्ष की सैर और उसमें निजी कंपनियों की भागीदारी की पहल अरसे से की जा रही है। तीन साल पहले ×0 मई, 2020 एक निजी उड़ान की मदद से दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे थे।

इस उपलब्धि के साथ अमेरिका, कनाडा और दक्षिण अफ्रीका की एक साथ नागरिकता रखने वाले अरबपति एलन मस्क की कंपनी- स्पेसएक्स दुनिया की पहली ऐसी प्राइवेट कंपनी बन गई थी, जो अपने रॉकेट से दो अंतरिक्ष यात्रियों को आईएसएस तक सफलतापूर्वक ले गई थी। वहीं ×0 मई, 2020 की रात स्पेस एक्स का ताकतवर रॉकेट फॉल्कन-9 स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल लेकर कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ा था जिसने 19 घंटे की यात्रा के बाद उसने कैप्सूल को आईएसएस से जोड़ दिया। इस कैप्सूल में रॉबर्ट बेनकेन और डगलस हर्ले नामक दो अंतरिक्ष यात्री थे, जिन्हें एक विशुद्ध निजी उड़ान से अंतरिक्ष में पहुंचने का गौरव मिला। हालांकि यह अभियान आईएसएस से जुड़ा था, लेकिन इससे उम्मीद जगी थी कि जल्दी ही दुनिया के और भी कई लोग अंतरिक्ष पर्यटन का अपना सपना पूरी कर सकेंगे। निस्संदेह, गगनयान परियोजना के जरिये इसरो अंतरिक्ष पर्यटन में महारत हासिल करने के साथ-साथ अनुसंधान और भावी अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए कमाई के स्रोत भी पैदा कर सकेगा।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# विधानसभा चुनाव के लिए कर्मचारियों को ईवीएम का प्रशिक्षण





**सिवनीमालवा , दोपहर मेट्रो**

विधानसभा क्षेत्र सिवनी मालवा 136 में ईवीएम मशीन की कमिश्निंग हेतु शासकीय कुसुम महाविद्यालय में कमिश्निंग टीम के सभी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें कंट्रोल यूनिट, वेलेट यूनिट, वीवीपीएटी को आपस में कनेक्ट करना तथा कंट्रोल यूनिट में कैंडिडेट सेट करना वह सीलिंग करना, मतदान इकाई में मतपत्र को लगाना व सीलिंग करना तथा वीवीपीएटी में पेपर रोल , बैटरी लगाने के पश्चात समस्त मशीनों में कमिश्निंग के दौरान एड्रेस टेग, पिंक पेपर सील लगाने के साथ ही दिखावटी मतदान की प्रक्रिया का प्रशिक्षण रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर ए के यादव, सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश चंद्र व्यास, व उमेश कुमार धुर्वे द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा प्रमोद सिंह गुर्जर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा राकेश खजूरिया व केसला तहसीलदार नीरू जैन ने उपस्थित होकर कमिश्निंग में आवश्यक सावधानियां रखते हुए कार्य संपन्न करने का निर्देश प्रदान किया।

### जिला प्रशासन और मतदाताओं के बीच खेला गया मैत्री क्रिकेट मैच

# मतदाताओं ने जिला प्रशासन को 9 विकेट से किया पराजित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न आयोजित गतिविधियों के क्रम में रविवार को जिला प्रशासन और नव मतदाताओं के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। मैत्री मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वीप नोडल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि नव मतदाता , दिव्यांग, वृद्ध सहित जिले के सभी मतदाता 17 नवंबर को अपना मतदान अवश्य करें। मतदान करना आपका लोकतांत्रिक अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है।

सीईओ श्री रावत ने कहा कि नव मतदाताओं के लिए विशेष अवसर है कि उन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ है। पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महोत्सव में अपनी सहभागिता निभाएं और अन्य मतदाताओं को भी मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करें। क्रिकेट मैच आयोजन से पूर्व सभी के द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नर्मदापुरम आशीष कुमार पांडे भी उपस्थित रहे. क्रिकेट खेल के टॉस होने के पहले सीईओ श्री रावत द्वारा दोनों टीमों को लाइनअप करवाकर निर्वाचन सम्बन्धी जानकारी साझा की गई. इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक संदीप दुबे , शैलेश ऊके , संदीप चौरसिया,जिला पंचायत एवं अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे नव मतदाता और जिला प्रशासन के बीच आयोजित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए जिला प्रशासन की टीम ने 15 ओवर में 2 विकेट खोकर कुल 120 रन बनाएं। जिला पंचायत सीईओ ने अर्ध शतक जमाया. बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 50 बॉल में 68 रन बनाएं। जवाब में उतरी नव मतदाताओं की टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 10 ओवर में ही 9 विकेट रहते मैच अपने नाम किया। युवा मतदाता की टीम से सर्वाधिक 62 रन माधव शर्मा ने बनाएं। कार्यक्रम में मंच का संचालन मानसेवी सचिव क्रिकेट एसोसिएशन नर्मदापुरम अनुराग मिश्रा द्वारा किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी भी प्रदान की गई।

# 1187 मतदान केदों पर 940069 मतदाता करेंगे मतदान

### सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता, 17 नवंबर को एक ही चरण में सम्पन्न होगा मतदान

**नर्मदापुरम.** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र जमा करने की कार्यवाही जारी है। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 है। इसके पश्चात 31 अक्टूबर को नामांकन की संवीक्षा जाएगी, 2 नवंबर नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना 3 दिसंबर 2023 को होगी। जिले की चारों विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 940069 हैं, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 486657 , महिला मतदाताओं की संख्या 453377 एवं 35 अन्य मतदाता है। 18 से 19 वर्ष आयु के नवीन मतदाताओं की संख्या 43603 हैं,जिनमें 23797 पुरुष एवं 19806 महिला शामिल हैं। जिले में 80 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 10905 है जिनमें 4440 पुरुष एवं 6465 महिलाएं शामिल है। मतदाता सूची का लिंगानुपात 931.62 है एवं ईपी रेशों 66.72 हैं। जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 8988 है जिनमें 5733 पुरुष एवं 3255 महिला शामिल हैं। वहीं सर्विस वोटर की संख्या 1894 हैं।

### जिले में 80 वर्ष से अधिक के आयु के 10 हजार मतदाता

**नर्मदापुरम.** जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1187 है जिनमें सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत 318 , होशंगाबाद विधानसभा में 238, सोहागपुर विधानसभा में 314 एवं पिपरिया विधानसभा में 317 मतदान केंद्र शामिल हैं।

जिले में 18 से 19 वर्ष की आयु के मतदाताओं की संख्या 43603 है जोकि कुल मतदाताओं का 4.64 प्रतिशत है, इसी प्रकार 20 से 29 वर्ष आयु के कुल मतदाता 224357 है, जिनका प्रतिशत 23.87 हैं। 30 से 39 वर्ष की आयु की मतदाता 239375 है जिनका प्रतिशत 25.46 हैं। इसी प्रकार 40 से 49 आयु के मतदाताओं की संख्या 179570 है जिनका प्रतिशत 19.10 है। 50 से 59 वर्ष की आयु के मतदाताओं की संख्या 129835 है जिनका प्रतिशत 13.81 है। वहीं 60 से 69 वर्ष के आयु के मतदाताओं की संख्या 77535 है जिनका प्रतिशत 8.25 है। 70 से 79 वर्ष की आयु की मतदाताओं की संख्या 34889 है जिनका प्रतिशत 3.71 है वहीं 80 प्लस आयु के मतदाताओं की संख्या 10905 है जोकि कुल मतदाताओं का 1.16 प्रतिशत हैं।

**विधानसभावार मतदाताओं की स्थिति:**
सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 245148 है जिनमें 127304 पुरुष एवं 117835 महिला एवं 9 अन्य मतदाता शामिल है। इसी प्रकार होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत कुल मतदाता 221141, जिनमें 112322 पुरुष, 108803 महिला एवं 16 अन्य, सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत कुल मतदाता 242873, जिनमें 127521 पुरुष, 115346 महिला एवं 6 अन्य तथा पिपरिया विधानसभा अंतर्गत कुल मतदाता 230907, जिनमें 119510 पुरुष, 11393 महिला एवं 16 अन्य मतदाता शामिल हैं।



# कछुओं की तस्करी: 24 कछुए व जाल जब्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



रविवार को अनिल शुक्ला वनसंरक्षक वन वृत्त नर्मदापुरम संदीप फैलोज वनमंडलाधिकारी सामान्य नर्मदापुरम श्रीमती रचना शर्मा सामान्य संयुक्त वनमंडलाधिकारी सामान्य सोहागपुर के मार्गदर्शन एवं सुमित पाण्डेय वनपरिक्षेत्र अधिकारी सोहागपुर सामान्य के निर्देशन में गठित गश्ती दल ( दल में शामिल सदस्य राजेन्द्र कुमार भिलाला वनपाल, राजेश अग्रवाल वनरक्षक, उत्तम गीते वनरक्षक, दीपक मिश्रा स्थाईकर्मी ) द्वारा गश्ती के दौरान साकला पुल पर लगी एस.एस.टी. टीम ( माखन सिंह कटारे, एएस.आई. ) के सहयोग से चेंकिंग के दौरान आती हुई एक मोटर साइकिल हीरो होन्डा ख्क05ख्न3645 को संदेह के आधार पर रोक कर चेक करने पर उसके पास से 24 नग कछुऐं 02 नग जाल जप्त किए गए आरोपी का नाम गोवर्धन आ0 चेतन उम्र लगभग 36 वर्ष निवासी नयाखेडा तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम है। मोटर साइकिल, 24 नग कछुए व 02 नग जाल जप्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबध्द किया गया। प्रकरण में विवेचना जारी है।

# निर्वाचन पर्यवेक्षण हेतु केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से विधानसभा निर्वाचन संपादित कराए जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए केंद्रीय सामान्य प्रेक्षकों एवं पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सिवनीमालवा एवं होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के अधिकारी श्री उदय नारायण दास ( मो न 8989881053 ) को केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सोहागपुर और पिपरिया के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा 2012 बैच के अधिकारी श्री सुहास एस ( मो न 9406507488 ) को केंद्रीय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के अधिकारी श्री शिवहरि मीना ( मो न 8349158700 ) को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया हैं। विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कोई भी जानकारी संबंधित प्रेक्षकों को उक्त मोबाइल नंबरों पर दी जा सकती है।

**मेट्रो एंकर**

### अब तक नगद व सामग्री जप्ती का मूल्य 64 लाख से अधिक

# एफएसटी-एसएसटी टीमों द्वारा सघन जांच पड़ताल

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान जिले की भौगोलिक सीमा परिसर में एफएसटी और एसएसटी टीमो के द्वारा सघन जांच पड़ताल की जा रही है। अंतरजिला सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकियां बनाई गई है जहां पर टीमे मौजूद रहकर वाहनो सहित अन्य की सघन जांच पड़ताल कर आयोग के निर्देशो का उल्लंघन करने वालो के खिलाफ कार्यवाहियों को अंजाम दे रही है।

विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में अब तक संबंधित टीमो के द्वारा की गई कार्यवाहियों के संबंध में व्यय प्रकोष्ठ के नोडल व संयुक्त कलेक्टर अवनीश मिश्रा ने बताया कि जिले में अब तक चौकियों सहित अन्य क्षेत्रों में टीम के सदस्यों द्वारा अवैध शराब, नगद, सोना चांदी व अन्य सामग्री की जप्ती नियमानुसार की गई है। टीम के सदस्यों द्वारा जप्त की गई सामग्री व अन्य का बाजार मूल्य 64 लाख 775 रूपए आंकलित किया गया है। व्यय प्रकोष्ठ के नोडल, संयुक्त कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि एफएसएटी और एसएसटी टीमो के द्वारा रविवार 29 अक्टूबर तक 99820 रूपए बाजार मूल्य की अवैध मदिरा जप्त की गई है जबकि 43 लाख 24 हजार रूपए नगद तथा 19 लाख 32 हजार 855 रूपए मूल्य की चांदी व सोना जप्त किया गया है जिसमें चांदी नौ किलो 970 ग्राम तथा सोना दो सौ ग्राम शामिल है। इसके अलावा टीम के सदस्यों द्वारा 294 साड़िया भी जप्त की गई है जिसका बाजार मूल्य 44 हजार एक सौ रूपए है।



**प्रेक्षक से मिले कलेक्टर : विदिशा** -भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त किए गए प्रेक्षक विल्फ्रेड नांगसेज का विदिशा आगमन पर कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने विदिशा के सर्किट हाउस में पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की साथ ही साथ जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिए किए गए प्रबंधो की संक्षिप्त जानकारियों से अवगत कराया है। गौरतलब हो कि सामान्य प्रेक्षक विल्फ्रेड नांगसेज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 147 सिरोंज के लिए नियुक्त हुए है। कलेक्टर ने सिरोंज विधानसभा क्षेत्र की सामान्य जानकारी के साथ-साथ प्रेक्षक हेतु तैयार किए गए फोल्डर भेंट किया है जिसमें तमाम अद्यतन जानकारियां है। निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की पांचो विधानसभाओं के लिए तीन सामान्य प्रेक्षक और दो व्यय प्रेक्षक के साथ-साथ एक पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं के लिए नियुक्त सभी प्रेक्षक रविवार को विदिशा आ चुके है। सभी प्रेक्षको से सम्पर्क हेतु स्थानीय मोबाइल नम्बर भी जारी किए गए है।

### मतदान दिवस पर श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने के आदेश

**नर्मदापुरम.**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 17 नवंबर को मतदान किया जाएगा। मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान के लिए जिले की सीमा में स्थित समस्त कारोबार, व्यवसाय औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति जो मतदाता के रूप में मतदान करने का हकदार है, उन्हें मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश प्रदान करने के आदेश दिए है। दैनिक मजदूर तथा आकस्मिक श्रमिकों को भी मतदान के दिन अवकाश और मजदूरी प्रदान करने के आदेश दिए है। सवैतनिक अवकाश का लाभ जिले की सीमा अन्तर्गत पड़ोसी जिलों की दुकानों, फैक्ट्रियों, आफिसों आदि में कार्य करने वाले श्रमिकों को भी प्राप्त होगा। सभी दुकानों, फैक्ट्रियों, निजी, शासकीय आफिसो के के संचालक आदेश का पालन सुनिश्चित करें।





फाइल फोटो

## दीवाली के सीजन में दुकानदारों द्वारा की जा रही है जीएसटी की खुले आम चोरी

# क्यूं मेहरबान है विभाग के अधिकारी?

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

दुकानदारो से ग्राहकों द्वारा खरीदा गया सामान का ब्यापारियों द्वारा पक्का बिल न दिए जाने से ग्राहक चीजों का अधिक मूल्य चुकता करने में मजबूर है वही यदि खरीदी गई वस्तु खराब निकलती है तो वापसी में भी उसे कई परेशानियों का सामना करना पढता है दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को कच्ची पर्ची पर लेखाजोखा करने से शासन को लाखों रूपये की हानि हो रही है।

सरकार ग्राहकों को जागरूक करने टीवी,रेडिओ समाचार पत्रों के माध्यम से जागो ग्राहक जागो का मिशन चलाकर खरीददारों को किसी भी सामान के खरीदने पर पक्का बिल लेने नहीं देने पर शिकायत करने सामान की खरीदी करने पर पक्का बिल लेना ना भूलें जो कि आपका हक है जैसे मिशन चलाकर खरीददारों को जागरूक बनाने का कम कर रही हे परन्तु इतना करने पर भी इन सब बांतो को खरीददारों पर कोई असर नहीं दिखाई देता नगर की लगभग सभी दुकानों में फिर चाहे वह रेडीमेड गारमेंट, की दुकान हो या कपड़ो, की या लोहे, सीमेंट. की या सोने, चांदी, इलेक्ट्रोनिक की किसी भी दुकान में खरीददार को पक्का बिल नहीं दिया जाता बस सारा लेनदेन कच्चे सादे कागज पर करके लाखों का व्यापार चल रहा हे जिसमे नगर के दुकानदार सरेआम जीएसटी की चोरी करके स्वंय तो दोगुना कमा रहे है और दुकानदार मालामाल हो खरीददार ठगे जा रहे है और आयकर विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा हे वहां व्यापारियों ने ग्राहकों को बिल न मांगने की आदत लगा दी हे और खरीददार भी बिल न मांगकर व्यापारी से अपने संबंधो की दुहाई तो दे देता हे परन्तु ऐसा करने से उसके द्वारा खरीदे सामान पर जो टैक्स व्यापारी पर लगना होता है वह कच्चा बिल देने पर टैक्स चुकाने से बच जाता हे और इस तरह टैक्स चोरी की राशि सीधे व्यापारी की जेब में चली जाती हे खरीददार का इसमें कोई फायदा नहीं होता यही वजह से कि यहाँ के व्यापारी आयकर चोरी करके अकूत संपत्ति के मालिक बनकर बैठे है और नगर सहित ग्रामीण अंचलों के खरीददार संबंधो के आढ़ में ठगे जा रहे है।

### हो रहा है सादी पर्चियों पर लेनदेन



फाइल फोटो

### इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर होता लाखों का कारोबार

आमतोर पर शादी विवाह एवं पर्व के मोके पर इलेक्ट्रानिक कारोबार में तेजी आ जाती हे दुकानदार भरपूर फायदा उठाते हुए ग्राहकों को टैक्स का भय बताते हुए कच्ची पर्ची पर सामान बेचने से नहीं चूकते कम दामों के लालच में ग्राहक ऐसे दुकानदारों झासे में आ जाता हे जिस से वह ग्यारंटी पीरियड सामान के खराब होने पर रिपेयरिंग अथवा सामान बापसी के लिए दुकानदार पर दबाव नहीं बना पता ऐसे में दुकानदारो को जहाँ डबल मुनाफा' होता हे' वही ग्राहक अपने आप को ठगा हुआ महसूस करता हे।

जागरूक नागरिको को दुकानदार द्वारा किए जा रहे इस फर्जीबाड़े के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए आगे आना होगा .....नहीं मिलता पक्का बिल.... वैसे तो बहुत से प्रोडक्ट ऐसे होते है जिन पर सभी करो के साथ कीमत अंकित रहती हे परन्तु नगर में सभी किराना एवं जनरल स्टोर दुकानों पर दुकानदारो द्वारा एक चिट लगा दी जाती है जिस पर हाथ से कीमत लिखी होती है वही कीमत ग्राहकों से वसूली जाती हे अपनी मनचाही कीमत लेने के बाद भी व्यापारी ग्राहक को पक्का बिल नहीं देते वहीं किराना दुकानों पर कई ग्राहक कम मात्रा में फुटकर सामान खरीदते है जिन्हें दुकानदार कच्ची पर्चियों पर ही जोड़ घटाना कर ग्राहक के हाथ में थमा देते है।

## कमलनाथ ने चुनावी सभा को संबोधित कर कांग्रेस प्रत्याशी रानी अहिरवार के लिए मांगा जन समर्थन

# अयोध्या राम मंदिर सिर्फ भाजपा वालों का नहीं हम सबका

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कल रविवार को कुरवाई में कांग्रेस प्रत्याशी रानी अहिरवार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया जनसभा में जिले की सिरोंज विधानसभा और शमशाबाद विधानसभा के प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी और सिंधु विक्रम सिंह सहित तीनों विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं ने मिलकर जनसभा को सफल बनाने का प्रयास किया इसके बावजूद भी सभा में महिलाओं की उपस्थिति ना के बराबर रही सभा को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने सरकार पर तीखे आरोप लगाए। कार्यकर्ताओं की मांगों पर उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद आकर मेरा कुर्ता पकड़ लेना तब काम होगा।सभा को संबोधित करते हुए कमल नाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर उद्योग धंधों की व्यवस्था चौपट हो गई है।

देश में आदिवासियों पर सबसे ज्यादा अत्याचार मध्य प्रदेश में हुए हैं। सबसे ज्यादा बेरोजगारी मध्य प्रदेश में है। उन्होंने जनता से कहा कि आप कमल नाथ का साथ मत देना, कांग्रेस का साथ मत देना, लेकिन प्रदेश की तस्वीर सामने रखकर सच्चाई का साथ देना। इससे हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।कमल नाथ ने कहा कि हमारी सरकार बनी थी, जिसमें साढ़े 11 महीने काम करने के लिए मिले थे। हमने एक अच्छी शुरुआत की थी।विदिशा जिले के 1 लाख किसानों का कर्ज पहली किश?त में माफ किया था। हमने 100 रुपये में 100 यूनिट बिजली दी, कौन सी गलती की, कौन सा पाप किया गौशालाऐ बनाई , पेंशन बढ़ाई। हमारे कार्यकाल के आप सब गवाह है। मैं सौदा कर सकता था, पर सौदा करके कुर्सी पर बैठने वाला नहीं था। सरकार जाती है तो चली जाए। क्योंकि मध्य प्रदेश की पहचान सौदे से नहीं है। प्रदेश में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। हर व्यक्ति या तो भ्रष्टाचार का शिकार हो रहा है या गवाह है। पंचायत से लेकर ऊपर तक पैसे दो, काम लो।50 एकड़ जमीन वाला भी पैसे देकर गरीबी रेखा में अपना नाम जुड़वा लेता है। मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार में डूबा है।अयोध्या राम जन्मभूमि पर कमलनाथ ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर सिर्फ भाजपा वालों का नहीं है हम सब का है हम भगवान को राजनीतिक मंचों पर नहीं लाते हैं।





### संबोधन के दौरान भावुक हुईं कांग्रेस प्रत्याशी रानी अहिरवार

**कांग्रेस** प्रत्याशी रानी अहिरवार द्वारा सभा को संबोधित कर जनता से अपने लिए जन समर्थन मांगा इस दौरान रानी अहिरवार अपना भाषण पढ़कर बोल रही थी और बोलते बोलते भावुक हो गई उनके आंखों में आंसू आ गए और उनके समर्थकों की भी आंखें नम हो गई इसके बाद उन्होंने मंच पर घुटनों के बल नतमस्तक होकर जनता से अपने लिए समर्थन की मांग की और मंच से अनेकों वादे किए।

## कांग्रेस के मंच पर हावी रही गुटबाजी स्टार प्रचारक को नहीं दिया संबोधन का मौका

**कांग्रेस** प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के सामने भी चुनावी सभा के मंच पर गुटबाजी स्पष्ट नजर आई जिसमें कमलनाथ के साथ हेलीकॉप्टर में कुरवाई पहुंचे स्टार प्रचारक अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार को मंच का संचालन कर रहे विधानसभा प्रभारी अमित शर्मा ने बोलने का मौका नहीं दिया इसी के कारण प्रदीप अहिरवार के समर्थकों में रोष देखने मिला कमलनाथ के मंच पर पहुंचने पर जिला अध्यक्ष राकेश कटारे, पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर पूर्व सांसद सुरेंद्र ठाकुर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम और कांग्रेस प्रत्याशी रानी अहिरवार ने सभा को संबोधित किया कमलनाथ के संबोधन से पूर्व विधानसभा प्रभारी मंच का संचालन कर रहे अमित शर्मा ने सभी टिकटार्थियों के एक होने की बात कही और सबको कांग्रेस का निष्ठावान सिपाही बताया लेकिन इस दौरान गुटबाजी की बात करें तो टिकट मांगने वाले में पूर्व विधायक पानवाई पंथी, और कांग्रेस महासचिव सुनील बोरसे, जिला पंचायत सदस्य, सीमा अहिरवार नें प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में भी मंच साझा नहीं किया और ना कांग्रेस के मंच पर दिखाई दिए कुरवाई विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है ऐसे में अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष और मध्य प्रदेश कांग्रेस के स्टार प्रचारक प्रदीप अहिरवार का संबोधन नहीं करना कहीं ना कहीं अनुसूचित जाति कार्यकर्ताओं में निराशा का भाव उत्पन्न करता है कुरवाई विधानसभा क्षेत्र में प्रदीप अहिरवार भी टिकट के लिए दावेदार थे इसी गुटबाजी के चलते विधानसभा प्रभारी अमित शर्मा ने उनका संबोधन रोका है ऐसी चर्चा निकाल कर सामने आई है सभा के समापन पर ब्लॉक अध्यक्ष गिरजेश साहू द्वारा नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित सबका आभार व्यक्त किया गया।

## कांग्रेस प्रत्याशी रानी अहिरवार सभा संबोधित करते हुए हुई भावुक आंख से छलके आंसू

# 11 महीने की सरकार में हमने छिंदवाड़ा से ज्यादा विदिशा जिले के किसानों का कर्ज माफकिया - कमलनाथ

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कुरवाई पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ चुनावी दौरे पर आमसभा करने कुरवाई पहुंचे यहां उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मंच पर पहुंचने के पूर्व आम नागरिकों के बीच पहुंचकर अभिवादन स्वीकार किया उसके पश्चात मंच पर मौजूद कुरवाई विधानसभा से कांग्रेस की प्रत्याशी रानी रामप्रसाद अहिरवार ,सिरोंज क्षेत्र के प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी एवं शमशाबाद क्षेत्र के प्रत्याशी सिंधु विक्रम सिंह एवं विधानसभा क्षेत्र सहित कांग्रेस पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं ब्लॉक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कमलनाथ ने मंच से उद्बोधन में कहा कि मुझे 11 महीने सरकार चलाने का मौका मिला मैंने विदिशा जिले में सर्वाधिक किसानों का कर्ज माफकिया है इतना कर्जा माफछिंदवाड़ा में भी नहीं हुआ है युवाओं को रोजगार एवं बच्चों के भविष्य माता बहनों की सुरक्षा आदि एवं सड़कों पर घूम रहे गोवंश की रक्षा के लिए मध्य प्रदेश में करीबन 1000 गौशालाओं का निर्माण कराया है । भाजपा सरकार की योजनाओ का 50: कमीशन पर चला जाता है उन्होंने कहा



मुख्यमंत्री द्वारा 22000 झूठी घोषणाएं की गई है चुनाव के समय उन्होंने लाडली बहन की याद आई और कर्मचारियो की आशा कार्यकर्ता, उषा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं कर्मचारियों से झूठ बोलकर आश्वासन दिए हैं जिन्हें पूरा नहीं किया गया है उन्होंने कहा कि भाजपा राम मंदिर की बात करती है राम मंदिर तो सनातन का है सभी लोगों का है भाजपा को यह कहना चाहिए की राम मंदिर के ठेकेदार हैं जो धर्म में लोगों को बांट रहे हैं हमने छिंदवाड़ा में 110 फीट 8 इंच का हनुमान मंदिर आज से 14 साल पहले छिंदवाड़ा में बनवाया था यह समाज और धर्म की राजनीति करने वाले लोगों को सबक सिखाना है और कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार रानी अहिरवार को 17 तारीख को कांग्रेस के पंजे पर मतदान करने का आग्रह किया पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की आमसभा में आज विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता पहुंचे इस दौरान कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार रानी अहिरवार ने अपनी उद्बोधन में जय श्री राम के उद्घोष के साथ उद्बोधन प्रारंभ किया मंच से उन्होंने सभा में मौजूद जनता को वचन दिया कि विधानसभा क्षेत्र के किसी व्यक्ति का शोषण नहीं होने दिया जाएगा एवं किसी भी व्यक्ति पर झूठे प्रकरण दर्ज नहीं किए जाएंगे विधानसभा क्षेत्र को गुंडा मुक्त ,शराब मुक्त एवं सट्टा मुक्त रखा जावेगा । मंच से विधानसभा प्रत्याशी रानी रामप्रसाद अहिरवार द्वारा जनता जनार्दन को सर रखकर प्रणाम करते हुए आशीर्वाद लिया एवं उद्बोधन की अंत में झोली फैलाकर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया प्रत्याशी रानी अहिरवार के भावनात्मक भाषण से सभा में मौजूद जनता ने तालियां बजाकर स्वागत किया ।

**मेट्रो एंकर** अपने पक्ष में मतदान करने की कर रहे हैं अपील

# जोर पकड़ रहा प्रचार, सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी कर रहे जोर आजमाइश





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र में सभी दलों के प्रत्याशी नगरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सतत जनसंपर्क कर रहे है वही कांग्रेस भाजपा बसपा अन्य दलों के प्रत्याशी लगातार जनता से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं । वही देखा जाएगी भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा भी क्षेत्र में लगातार जनता के बीच जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी भी इलाके में ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जनता के बीच आशीर्वाद ले रहे हैं और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वही बसपा से प्रत्याशी तोषमणि पंथी ने भी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर जनता के बीच जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

गौरतलब हो की इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा बसपा समाजवादी पार्टी आम आदमी पार्टी सपाक्स अभी चुनाव के मैदान में है वहीं अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन पर दाखिल किया है जिससे इस बार के विधानसभा चुनाव में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है वही अभी तक हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के बीच ही मुकाबला देखने को मिला है लेकिन इस बार पार्टियों से निराश होकर अन्य दलों से चुनाव लड़ने का फैसला लिया है जब से ही चुनाव और रोमांचक हो गया है। देखा जाए की क्षेत्र में सभी दल सक्रिय दिखाई दे रहे हैं इसलिए इस बार कहना जल्दी होगा कि कोन विजय होगा। वहीं कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी की पत्नी पार्वती रघुवंशी नगरीय क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाल रखी है उन्होंने आज भी जनसंपर्क वार्ड क्रमांक 3, 4,5,6,7 ,8,9,10 वार्डों में जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। वही कुरवाई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हरि सिंह सप्रे चुनावी मैदान में है भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।




### यूपी के खिलाड़ियों के आगे अंग्रेज ढेर, इकाना में कुलदीप और शमी ने ढाया कहर

# भारत फिर नंबर-1, छठी जीत के बाद सेमीफाइनल का रास्ता साफ

**लखनऊ, एजेंसी**

इंडिया ने रविवार को वर्ल्ड कप में अपनी छठवीं जीत दर्ज की। इंग्लैंड को 100 रन से हराया। रोहित शर्मा की कप्तानी पारी और गेंदबाजों की जबरदस्त परफॉर्मेंस ने वर्ल्ड कप में इंडिया के जीत के सफर को रुकने नहीं दिया। टीम इंडिया एक बार फिर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। 6 में से 6 मुकाबले जीतकर भारत के 12 पॉइंट्स हैं। टीम इंडिया को अभी 3 मैच खेलने हैं। टेबल में दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका है। 6 में से 5 मैच जीतने के बाद साउथ अफ्रीका के 10 पॉइंट्स हैं। उसके अभी 3 मैच बाकी हैं। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया तीसरी और चौथी पोजिशन पर बरकरार हैं। दोनों टीमों ने 6-6 मुकाबले खेले हैं और 8-8 पॉइंट्स हासिल किए हैं। नेट रन रेट अच्छा होने की वजह से न्यूजीलैंड नंबर 3 पर है।

#### ■ इंग्लैंड का टॉप-4 में क्वॉलिफिकेशन मुश्किल

भारत से हारने के बाद इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इंग्लैंड को अभी ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। इंग्लैंड तीनों मैच जीत जाती है तो भी उसके टोटल 8 पॉइंट्स ही होंगे। इस कंडीशन में इंग्लैंड का टॉप-4 में क्वॉलिफाई करना बेहद मुश्किल है। वनडे वर्ल्ड कप में मेजबान भारत ने छठी जीत दर्ज की, टीम ने इस बार इंग्लैंड को 100 रन के अंतर से हराया। इस जीत से टीम इंडिया 12 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर पहुंच गई है। जबकि डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड अब भी 6 मैचों में एक जीत के चलते 10वें नंबर पर ही है।

#### ■ टीम इंडिया के 12 पॉइंट्स...

टीम इंडिया के अभी 12 पॉइंट्स हैं। टीम को अभी श्रीलंका, साउथ अफ्रीका और नीदरलैंड से खेलना है। भारत अगले मुकाबलों में जीत हासिल करता है तो 18 पॉइंट्स के साथ टेबल टॉपर रहेगा। अगर इंडिया 3 में से 2 मुकाबले भी जीते तो 16 पॉइंट्स के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वॉलिफाई कर जाएगी। भारत 3 में से 1 मैच जीते तो उसके 14 पॉइंट्स होंगे। इस कंडीशन में भी सेमीफाइनल खेलने के चांस रहेंगे।




#### ■ तेज गेंदबाजों ने अंग्रेजों का टॉप ऑर्डर बिखेरा, स्पिनर्स ने दबाव बढ़ाया

पावरप्ले में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी ने शानदार गेंदबाजी की। पहले बुमराह ने 5वें ओवर की 5वीं और छठी बॉल पर मलान और जो रूट को आउट किया। उसके बाद शमी ने 8वें ओवर की आखिरी और 9वें ओवर की पहली बॉल पर लगातार दो विकेट लिए। उन्होंने बेन स्टोक्स और जॉन बेयरस्टो के विकेट लिए। इंग्लैंड के टॉप-4 में से 2 बैटर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। यहां से इंग्लिश टीम पर दबाव बना।

#### ■ रोहित शर्मा का बतौर कप्तान 100वां मैच

रोहित शर्मा की कप्तानी
बतौर कप्तान 100वां मैच खेल रहे रोहित शर्मा ने शानदार कप्तानी की। उन्होंने पावरप्ले के दबाव को कम नहीं होने दिया और लगातार एग्रेसिव गेंदबाजी कराते रहे। ऐसे में इंग्लिश टीम लगातार विकेट गंवाती रही और 34.5 ओवर में 129 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की इस जीत की बुनियाद रोहित शर्मा (87 रन), सूर्यकुमार (49 रन) और केएल राहुल (39 रन) ने रखी, जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, स्पिनर कुलदीप और जडेजा की चौकड़ी ने जीत तक पहुंचाया।
भारतीय गेंदबाजी के सामने डिफेंडिंग चैंपियन की बल्लेबाजी दम तोड़ती नजर आई। रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




## टीम इंडिया की ताकत अब नजर आई दोगुनी



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

**लखनऊ** के इकाना स्टेडियम में रोहित सेना ने इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को यादगार जीत हासिल की।भारतीय टीम की इस जीत के असल हीरो गेंदबाज ही रहे,जिन्होंने इंग्लैंड के गहराई वाले बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी।टीम इंडिया 20 साल बाद इस टूर्नामेंट में वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को हराया। टीम इंडिया को पिछली बार 2003 में उसके खिलाफ जीत मिली थी।वैसे तो 2019 की चैंपियन इंग्लैंड के लिए यह वर्ल्ड कप बुरे सपने की तरह जा रहा है,लेकिन टीम इंडिया के खिलाफ टॉस जीतकर 230 रनों के आसान माने जाने वाले लक्ष्य के सामने इंग्लैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के आगे 129 रनों पर सिमट गई और उसे 100 रनों की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।इस हार के साथ ही इंग्लैंड टीम का वर्ल्ड कप 2023 का सफर समाप्त हो चुका है। वहीं टीम इंडिया की जीत ने उसे एक बार फिर उसे अंकतालिका की चोटी पर पहुंचा दिया है। कल खेले गये इस मुकाबले के बाद 2023 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल की तस्वीर भी काफी हद तक साफ नजर आने लगी है।हालांकि इस तस्वीर पर अधिकृत मुहर आज से शुरू होने वाले सप्ताह के बाद ही लगेगी,लेकिन शायद ही कोई बहुत बड़ा उलटफेर टॉप 4 में होने वाला है।अब वर्ल्ड कप के बचे हुए लीग मैच एक ओर जहां टॉप 4 टीमों में रैंकिंग की खींचतान वाले होंगे,वहीं बाकी टीमों के लिए ये मैच वर्ल्ड कप से स्वाभिमानी विदाई के लिए कहे जा सकते हैं।मतलब साफ है कि वर्ल्ड कप के लीग चरण में बचे हुए 16 मैच आपसी भिड़ंत के लिहाज से रोमांचक होंगे व इनके रिजल्ट से सेमीफाइनल ने कौन किसके सामने होगा मात्र यही तय होगा। पाकिस्तान,श्रीलंका,अफगानिस्तान और नीदरलैंड टीमें एकाध मैच में किसी भी टीम को पटखनी तो दे सकती हैं,लेकिन ये टीमें अपने बचे हुए सभी मैच जीतकर सेमीफाइनल की रेस जीत लेंगी,इसकी गुंजाइश कम ही नजर आती है।अब देखना यह है कि वर्ल्ड कप 2023 में कौनसी टीम का सफर कहां तक चलता है।लेकिन अगर हम टीम इंडिया की बात करें,तो फिर घरेलू जमीन पर हमेशा बल्लेबाजों की बदौलत मैच जीतने वाली इस टीम की ताकत गेंदबाजों ने दोगुनी कर दी है।

### अफगान के पास पहली बार लंका को हराने का मौका, श्रीलंका भी जीत की हैट्रिक तलाशेगी

# वर्ल्ड कप: आज अफगानिस्तान और श्रीलंका होंगे आमने-सामने, दोनों टीमों के हौसले बुलंद

**पुणे, एजेंसी**

वर्ल्ड कप के 30वें मैच में आज श्रीलंका का सामना अफगानिस्तान से होगा। मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में दोनों के हौसले बुलंद होंगे, क्योंकि दोनों टीमें अपने-अपने पिछले मुकाबले जीतकर आ रही हैं।

तीसरा वर्ल्ड कप खेल रही अफगानिस्तान ने पिछले मुकाबले में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया और वनडे इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ पहली जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर, श्रीलंका ने अपने पिछले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 8 विकेट से ही मात दी। इस मुकाबले में अफगानों के पास वर्ल्ड कप में श्रीलंका को पहली बार हराने का मौका है, जबकि 1996 की चैंपियन श्रीलंका लगातार तीसरी जीत की तलाश में उतरेगी। अफगान कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी अगर आज के मैच में 57 रन बना लेते हैं तो उनके 2000 वनडे रन पूरे हो जाएंगे।सदीरा समरविक्रमा को 1000 वनडे रन पूरा करने के लिए 90 रन की जरूरत है। यह राशिद खान का 100वां वनडे मैच होगा, वो इस मुकाम तक पहुंचने वाले चौथे अफगानिस्तानी क्रिकेटर बन जाएंगे।




#### श्रीलंका बेहतर रन रेट की वजह से 4 पॉइंट्स के साथ पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर

इस वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान और श्रीलंका के जीत के आंकड़े एक जैसे हैं। दोनों को शुरुआती 5 मैचों में से 2 में जीत मिली है, जबकि 3 में हार का सामना करना पड़ा है। श्रीलंका बेहतर रन रेट की वजह से 4 पॉइंट्स के साथ पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर है, वहीं अफगानिस्तान भी 4 अंक लेकर 7वें स्थान पर है। इस सीजन में अफगानिस्तान ने 2 उलटफेर किए हैं, अफगान टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड और पाकिस्तान को हराया, जबकि श्रीलंका ने भी इंग्लैंड को परास्त करके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद को झटक दिया।

# श्रीलंका के तेज गेंदबाज लाहिरु कुमारा वर्ल्ड कप से बाहर, दुष्मंथा टीम में शामिल

**कोलकाता, एजेंसी**

श्रीलंका के तेज गेंदबाज लाहिरु कुमारा वर्ल्ड कप 2023 से बाहर हो गए हैं। कुमारा की जगह दुष्मंथा चमीरा को टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बोर्ड ने ट्वीट किया, आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने बदलाव की मंजूरी दे दी है।

पाकिस्तान पर 20 प्रतिशत जुर्माना लगा

पाकिस्तान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में स्लो ओवर फेंकने के लिए 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शुक्रवार को चेन्नई के एमए चिंदबरम स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच मैच खेला गया था। इस मैच में पाकिस्तान को एक विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की ओर से जारी बयान के मुताबिक तय समय तक पाकिस्तान के 4 ओवर फेंके जाने बाकी थे। इस वजह से पाक पर प्रत्येक ओवर पर 5 प्रतिशत का जुर्माना लगाया है।

मैच के बाद ऑन फील्ड अंपायर एलेक्स वार्फ और पॉल रीफेल, थर्ड अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने पाकिस्तान स्लोओवर फेंकने का आरोप लगाया। जिसे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार कर लिया। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि भारत के तीसरी बार वर्ल्ड कप खिताब जीतने में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका बड़ी चुनौती है। गांगुली ने बांग्लादेश और नीदरलैंड के बीच ईडन गार्डन में खेले गए मैच के दौरान कहा कि भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया व साउथ अफ्रीका बड़ी चुनौती होंगे। ऑस्ट्रेलिया ने अच्छी वापसी की है और वह शानदार क्रिकेट खेला है। उसकी न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत वास्तव में रोमांचक थी।






## मेट्रो बाजार

# नया फाइबर भारत के ब्रॉडबैंड लैंडस्केप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

**मुंबई, एजेंसी**

पुणे बेस्ड ऑप्टिकल और डिजिटल सॉल्यूशन कंपनी स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने 160-माइक्रोन ऑप्टिकल फाइबर डेवलप किया है। जिसके बारे में कंपनी का दावा है कि ये टेलीकम्युनिकेशन के लिए दुनिया का सबसे पतला फाइबर केबल है। नया फाइबर भारत के ब्रॉडबैंड लैंडस्केप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल इकोनॉमी बन रहा है, ऐसे में अब फाइबराइज्ड नेटवर्क की जरूरत है। महाराष्ट्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में इस इनोवेशन का स्वदेशी रूप से कॉन्सेप्ट तैयार किया गया और इसे डेवलप किया गया है। स्टरलाइट अब इस टेक्नोलॉजी को डेवलप और पेटेंट कराने वाली वर्ल्ड लेवल पर पहली कंपनी बन गई है। यूनियन मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 के 7वें एडिशन में ऑप्टिकल फाइबर को अनवील किया। 160-माइक्रोन फाइबर को पेश करने के बाद उन्होंने ऑप्टिकल फाइबर के दो स्ट्रैंड्स को जोड़कर भी देखा। दो बाल जितने पहले ऑप्टिकल फाइबर के कोर को पूरी तरह से जोड़ने की एक हाईली कैलिब्रेटेड प्रोसेस होती है। 160-माइक्रोन फाइबर से बनी केबल ट्रेडिशनल 250-माइक्रोन फाइबर की तुलना में 3 गुना ज्यादा कैपेसिटी पैक कर सकती है। स्ज्ञरुने कहा कि 160-माइक्रोन फाइबर केबल का डायमीटर 6.4 एमएम है, जो 250-माइक्रोन फाइबर केबल की तुलना में 32 फीसदी कम है। 160-माइक्रोन फाइबर केबल लिमिटेड डक्ट स्पेस में ज्यादा कैपेसिटी पैक करती है। फाइबर नेटवर्क के डेप्लॉयमेंट, बैंडविड्थ कैपेसिटी और ग्रीन कोशिएंट में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। यह प्रोडक्ट टेलीकॉम-ग्रेड ऑप्टिकल परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड्स को पूरा करता है। एक्सपर्ट्स द्वारा इनोवेशन की एक सीरीज के बाद आई है।

# न्यू जनरेशन रॉयल एनफील्ड अगले माह अनवील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल एनफील्ड ने न्यू जनरेशन हिमालयन 452 की लॉन्च डेट ऑफिशियली कन्फर्म कर दी है। कंपनी इस पॉपुलर बाइक को 7 नवंबर को लॉन्च करेगी। रॉयल एनफील्ड की ये बाइक टेस्टिंग के दौरान कई बार स्पॉट की जा चुकी है। हाल ही में इसका फर्स्ट लुक जारी किया गया था। न्यू जनरेशन हिमालयन पूरी तरह से नई मोटरसाइकिल है, लेकिन कई बार चेंजेस के बावजूद बाइक का ओवरऑल लुक अपने फर्स्ट जनरेशन एडिशन की तरह ही नजर आता है। बाइक को 2.50 लाख रुपए की एक्सशोरूम कीमत पर लॉन्च किया जा सकता है। इसके अलावा हीरो की अपकमिंग बाइक एक्सपल्स 440 से इसका कड़ा मुकाबला होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी टीजर में मोटरसाइकिल में टर्न इंडिकेटर्स के साथ एक स्ब्वष्ठ हेडलैंप, एक छोटी विंडशील्ड, एक नई चोंच जो हीरो एक्सपल्स के समान दिखती है, न्यू डिजाइन फ्यूल टैंक, एक बड़ा इंटरकूलर, नए ग्रैब हैंडल, नए एग्जॉस्ट और साथ ही चारों ओर नए ग्राफिक्स मिलते हैं।



**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

# ऋचा ने कहा- अली के साथ रहकर मुझे कॉफी पसंद आने लगी है...



ऋचा चड्ढा ने एक इंटरव्यू में बताया कि अगर मुझे टाइम मशीन में डाल दिया जाए तो मैं इंडस्ट्रियल रिव्युलेशन के पहले जाना चाहुंगी। उन्होंने कहा, 'पंकज त्रिपाठी का नाम सुनते ही मेरे दिमाग में सबसे पहले खिचड़ी आती है। दरअसल पंकज त्रिपाठी लंच में सबसे ज्यादा खिचड़ी और दही लेकर आते थे। यही कारण है कि उनका नाम सुनते ही मेरे दिमाग में तुरंत खिचड़ी आती है। वहीं दीपिका पादुकोण को उन्होंने सबसे ज्यादा हार्ड वर्किंग कहा। ऋचा ने रणवीर सिंह को अनमैचेबल एक्टर कहा, उनका मानना है कि रणवीर हर तरह के रोल में फिट बैठते हैं। उन्हें सीरियस और कॉमेडी किसी भी रोल में मात नहीं दी जा सकती है। वहीं तापसी पन्नू को उन्होंने कहा, 'तापसी आउटसाइडर फिल्म्स की बैनर होल्डर हैं।' मनोज वाजपेयी को उन्होंने 'बेटर एक्टर' कहा। विक्की कौशल का नाम लेने पर उन्होंने कहा वो स्पिरिटेड एक्टर हैं। फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली को ऋचा ने जिनियस नाम दिया। वहां लोगों को समझाऊंगी कि आप लोग अपनी आदतें सुधार लें। वरना आने वाले समय में हमारे जेनरेशन के लिए पीने को साफ पानी, सांस लेने के लिए शुध्द हवा वहीं होगी। इससे आप लोगों की लाइफ आधी हो जाएगी। पॉल्यूशन और कैंसर जैसी बिमारियों से ज्यादातर लोग परेशान होंगे। ऋचा समय में पीछे जाकर लोगों को समझाना चाहती हैं कि अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखें। हाल ही ऋचा और अली की वेडिंग डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज किया गया था। वहीं ऋचा की फिल्म फुकरे-3 भी पिछले महीने रिलीज हुई थी। फुकरे-3 को लोगों ने काफी पसंद किया था।


# कृष्णा ने गोविंदा के साथ डांस वीडियो शेयर किया



कृष्णा अभिषेक ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वो अपने मामा गोविंदा के साथ बड़े मियां छोटे मियां गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। कृष्णा के इस पोस्ट के बाद लोग ये कयास लगा रहे हैं कि गोविंदा और उनके रिश्ते के बीच सभी कड़वाहट खत्म हो गई है। दोनों फिर से साथ आ गए हैं। कृष्णा अभिषेक ने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है- इसे बेहतर वीडियो नहीं हो सकता है। स्टेज पर आग लगा दी। मामा हमेशा से प्रेरणा रहे हैं। रियल लाइफ बड़े मियां छोटे मियां।

**2016 में पहली बार दोनों में हुई थी अनबन:** दोनों के बीच पिछले कई सालों से मनमुटाव चल रहा था। कई बार दोनों ने सुलह भी किया है। कृष्णा और गोविंदा के बीच तनाव कृष्णा के ही एक बयान शुरू हुआ था। 2016 में उन्होंने कपिल शर्मा शो में एक एपिसोड में कहा था कि मैंने गोविंदा को अपना मामा बना कर रखा है। उनकी ये बात गोविंदा को बिल्कुल पसंद नहीं आई थी। इस पर गोविंदा ने कहा कि पैसों के लिए टेलीविजन पर किसी की बेज्जती नहीं करनी चाहिए।

# साल 1996 में रिलीज हुई फिल्म का है सीक्वल है कमल हसन की इंडियन -2



साउथ के सुपरस्टार कमल हासन की अगली फिल्म इंडियन 2 है। इस फिल्म का इंट्रो 3 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। मेकर्स ने इसे सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'जश्न शुरू हो चुका है। तैयार हो जाइए इंडियन 2 के इंट्रो के लिए जो 3 नवंबर को रिलीज होगी।' करीबन 250 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म में कमल हासन करप्शन के खिलाफ लड़ते नजर आएंगे। यह फिल्म 1996 में रिलीज हुई कमल हासन की ही फिल्म 'इंडियन' की सीक्वल है। इसे शंकर ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म का पहला पार्ट भी उन्होंने ही लिखा और डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में कमल के अपोजिट काजल अग्रवाल नजर आएंगी। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह, सिद्धार्थ और बॉबी सिम्हा जैसे कलाकार भी होंगे। इसका म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंद्र ने दिया है।

# नर्मदा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में पंद्रह दिन की बच्ची को छोड़कर फरार हुई मां

## ठंड से बचने गर्म कपड़े और दूध की बोतल छोड़ी, जीआरपी की क्विक रिस्पांस टीम ने किया रेस्क्यू



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नर्मदा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में एक महिला अपनी पंद्रह दिन की बच्ची को छोड़कर फरार हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी की क्विक रिस्पांश टीम मौके ट्रेन में पहुंची और बच्ची को सकुशल बरामद करते हुए मेडिकल के लिए पहुंचाया। बच्ची को फिलहाल मात्र छाया संस्था चूनाभट्टी में देखरेख के लिए रखा गया है। टीम ने उज्जैन जीआरपी से संपर्ककर घटना की जानकारी दी है। आगे की कार्रवाई जीआरपी उज्जैन द्वारा की जाएगी।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम सूचना मिली थी कि ट्रेन नंबर 18233 नर्मदा कोच में एक बच्ची लावारिस हालत में बर्थ पर है। सूचना के बाद भोपाल जीआरपी की क्विक रिस्पांश टीम (क्यूआरटी) की प्रभारी स्वेता सोमकुवर और आरक्षक रानू अतुलकर कोच में पहुंचे और बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। एसआई सोमकुवर ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि रविवार शाम करीब सवा पांच बजे के आसपास कोई महिला ने बच्ची को स्लीपर कोच के बर्थ नंबर 56 पर छोड़ दिया था। महिला ने बच्ची के पास दूध की बोतल और ठंड के कपड़े भी रखे थे। उज्जैन रेलवे स्टेशन पर बच्ची को छोड़ने के बाद वह उतर गई। महिला का हुलिया पूछा गया तो पता चला कि वह सलवार सूट पहने हुए थे। बच्ची को क्यूआरटी की टीम भोपाल लेकर पहुंची और उसका मेडिकल कराया गया। मेडिकल कराने के बाद बच्ची को मात्र छाया संस्था में देखरेख के लिए छोड़ा गया है। बच्ची की उम्र महज पंद्रह से सोलह दिन की बताई जा रही है। घटना की जानकारी उज्जैन जीआरपी को दी गई है। उज्जैन जीआरपी प्रकरण दर्ज कर महिला की तलाश करेगी।

### कोहेफिजा इलाके में हुआ हादसा

## कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा इलाके में एक कार चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक प्रवीण मोरे (41) मूलतः इंदौर के रहने वाले हैं और बीएसएफ बटालियन चंदूखेड़ी में आरक्षक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती 25 अक्टूबर की सुबह करीब सवा चार बजे उनका कजन भाई राहुल देसाई अपनी मोटर साइकिल से एयरपोर्ट रोड से वीआईपी रोड की तरफ जा रहा था। लालघाटी चौराहा स्थित सिग्नल के पास सफेद रंग की एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहुल ने घटना की जानकारी प्रवीण को दी, जिसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## बाइक फिसलने से दो युवक घायल, चालक पर केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी इलाके में झांकी देखकर घर लौट रहे दो युवकों की बाइक फिसल गई, जिससे दोनों घायल हो गए। एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक विशाल सेहरिया (21) ग्राम अमझरा थाना बिलखिरिया में रहता है और वाटर प्रूफिंग का काम करता है। बीती 25 अक्टूबर को वह दुर्गा झांकी देखने के लिए ईंटखेड़ी गया था। उसके साथ ग्राम छतरपुरा थाना उमरावगंज जिला रायसेन निवासी विकास भील (26) भी था। रात करीब साढे दस बजे दोनों दोस्त झांकी देखकर वापस घर लौट रहे थे। बाइक विकास चला रहा था।




दोनों जैसे ही ईंटखेड़ी मस्जिद के आगे जगदीशपुर रोड पुलिया के पास पहुंचे, तभी उनकी बाइक फिसल गई, जिससे दोनों घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विशाल को हल्की चोट होने से अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल विकास भील का इलाज चल रहा है।

## ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार चालक को चोट आई है, जबकि कार में काफी नुकसान हुआ।

पुलिस के मुताबिक मिथुन घेंघट (39) कबीटपुरा शाहजहांनाबाद में रहते हैं और सामाजिक न्याय निशक्तजन कल्याण विभाग में चतुर्थश्रेणी कर्मचारी हैं। गत दिवस वह निजी काम से सिरोंज गए थे। शनिवार शाम को वह अपनी न्यू सेंट्रो कार से वापस घर लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे जैसे ही बैरसिया स्थित मंडी गेट के सामने पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि मिथुन को भी चोट आई है।

### मानव तस्करी गिरोह की सरगना फर्जी महिला डॉक्टर को दिल्ली से किया था गिरफ्तार

# 50 से ज्यादा अविविाहित युवतियों की डिलेवरी करवा चुकी है फर्जी डॉक्टर

## अब तक कितने बच्चों को बेचा इसकी जांच जारी, पूछताछ के लिए 5 नवंबर तक फिर मिला रिमांड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मानव तस्करी के मामले में दिल्ली से गिरफ्तार हुई फर्जी महिला डॉक्टर अब तक 50 से ज्यादा अविविाहित युवतियों की डिलीवरी करवा चुकी है। हालांकि उसने कितने बच्चों को बेचा है, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। दो बच्चों को बेचने के लिए उसने बच्चा चोर गिरोह की सरगना अर्चना सैनी को सौंपा था, जबकि 2 साल की एक बच्ची उसके पास से भी बरामद हुई है। पुलिस टीम दोनों महिलाओं के पास से अब तक कुल 5 बच्चों को बरामद कर चुकी है। रविवार को पुलिस ने पहले से गिरफ्तार चार आरोपियों के साथ ही दिल्ली से पकड़ाई महिला को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें 5 नवंबर तक पूछताछ के लिए रिमांड पर सौंपा गया है। इस पूरे मामले में अर्चना और निशांत का क्या रोल है, महिला डॉक्टर ने अब तक कितने बच्चों को बेचा है और किन-किन लोगों से उसकी सांठ-गांठ है, इसका पता लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार 21 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े दस बजे कोतवाली स्थित कर्फ्यूवाली माता मंदिर के सामने से 11 महीने की दीपावली और 8 साल की उसकी बड़ी बहन काजल का दो महिलाओं ने अपहरण कर लिया था। पुलिस ने दोनों बच्चियों को कोलार रोड स्थित इंग्लिस विला सोसायटी के एक मकान से बरामद किया था। इस मामले में अपहरण करने वाले गिरोह की मुखिया अर्चना सैनी, उसके लिवइन पार्टनर निशांत, बेटे सूरज, नाबालिग बेटी और सूरज की गर्लफ्रेंड मुस्कान को गिरफ्तार किया गया था। महिला के पास ढाई साल की अकीरा और तीन महीने की एंजल नामक दो बच्चियां और बरामद की गई थी, जिसे उसने दिल्ली की एक महिला डॉक्टर द्वारा बेचने के लिए देना बताया था। उसके बाद क्राइम ब्रांच और कोतवाली पुलिस की एक टीम महिला को लेकर दिल्ली पहुंची और बदरपुर से महिला डॉक्टर सीमा उर्फ कुमारी शक्तिदेवी को गिरफ्तार कर लिया। सीमा के पास से भी 2 साल की एक बच्ची बिट्टू उर्फ माही उर्फ त्रिशा बरामद हुई है।

### डॉक्टर ने अर्चना को एक ही बच्ची देना बताया



पूछताछ के दौरान सीमा ने अर्चन सैनी को 3 महीने की एक ही बच्ची एंजल को देना बताया है। यह बच्ची 23 साल की एक अविवाहित युवती की थी, जिसका उसने आपरेशन किया था। ढाई साल की बच्ची अकीरा को देने से इंकार किया है, जबकि अर्चना उक्त बच्ची को भी सीमा से ही लेना बता रही है। सीमा के पास मिली दो साल की बच्ची 22 साल की युवती और 23 साल के उसके प्रेमी की होना बताई है। डिलीवरी के बाद उक्त बच्ची को उसने गोद लेना बताया है। बच्ची को जन्म देने वाली युवती अब किसी दूसरे लड़के से लव मैरिज कर चुकी है। पुलिस उक्त बच्ची को बरामद कर दिल्ली पुलिस के सुपुर्द करते हुए उसके वैध माता-पिता के हवाले करने के लिए पत्राचार किया है।

### किराए के मकान में बना रखा था क्लीनिक, 50 से ज्यादा डिलीवरी

पूछताछ के दौरान पता चला कि डॉक्टर सीमा उर्फ कुमारी शक्तिदेवी केवल बारहवीं पास है, और दाई का काम करती है। उसने मीठापुर एक्सटेंशन में एक किराए का मकान लेकर क्लीनिक बना रखा था। इस फर्जी क्लीनिक में बेड और डिलीवरी का पूरा सेटअप जमा हुआ था। पूछताछ में पता चला कि सीमा केवल अविवाहित युवतियों की डिलीवरी करवाती थी और अब तक करीब 50 डिलीवरी करवा चुकी है। डिलीवरी करवाने के लिए वह युवतियों और उनके परिवार वालों से बड़ी रकम लेती थी। इसके साथ ही जन्म लेने वाले बच्चों को वह निऽसंतान लोगों को बेचकर पैसा कमाती थी। इस काम के लिए मिलने वाली ब्लैक मनी को नंबर एक में बदलने के लिए उसने एक फर्जी शक्ति फाउंडन नाम से संस्था बना रखी थी। इस संस्था के एकाउंट में वह रुपए जमा करती थी।

## दुर्घटना: वीवीआईपी अलर्ट के बीच घुसा बाइक चालक, डिवाइडर से टकराकर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हबीबगंज स्थित नूतन कॉलेज चौराहे पर वीवीआईपी अलर्ट के बीच बाइक सवार एक युवक अंदर घुस गया और भागने के चक्कर में डिवाइडर से टकराकर घायल हो गया। मौक पर मौजूद पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। ट्रैफिक आरक्षक की रिपोर्ट पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक विपिन मिश्रा पुलिस विभाग में आरक्षक हैं और ट्रैफिक थाने में पदस्थ हैं। शनिवार रात केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भोपाल आगमन पर उनकी ड्यूटी नूतन कालेज चौराहे पर लगाई गई थी। रात करीब साढ़े बारह बजे विपिन अपने साथी आरक्षक के साथ चौराहे पर तैनात थे। इसी बीच वीवीआईपी के रूट अलर्ट का संकेत मिला तो वह चौराहे पर इंतजाम करने लगे। इसी बीच पांच नंबर स्टाफ की तरफ से एक तेज रफ्तार मोटर सायकिल सवार आते दिखाई दिया तो विपिन ने उसे ट्रैफिक रोकने के उद्देश्य से रुकने का इशारा किया। बाइक सवार रुकने के बजाए शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए खतरनाक तरीके से वाहन चलाकर चौराहे से दाहिनी तरफ मुड़कर चार इमली की तरफ भागने लगा। आगे जाने का रास्ता बैरीकेट्स लगाकर बंद किया गया था, इसलिए बाइक चालक वापस चौराहे की तरफ लौटा, तभी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर घायल हो गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विशाल परिहार निवासी ग्यारह सौ क्वार्टर बताया। मौके पर मौजूद चार्ली जवानों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## युवक ने किया घर में आत्मदाह, इलाज के दौरान हुई मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मल्टी वाजपेयी नगर में एक युवक ने गत 24 अक्टूबर की दोपहर आत्महदाह कर लिया। उसकी मां उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी। वहां बर्न वार्ड में इलाज के दौरान रविवार रात युवक की मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार लीलाकिशन पिता राम दयाल (45) मल्टी वाजपेयी नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। बताया गया कि गत 24 अक्टूबर को उसने अपने घर में आत्मदाह कर लिया था। आग की लपटों में घिरे लीला किशन को उसकी मां चंदाबाई किसी तरह आग से बचाकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां लीला किशन का इलाज चल रहा था। करीब 60 फीसदी झुलसने के कारण रविवार रात लीलाकिशन की मौत हो गई।

**मेट्रो एंकर** | जांच के बाद पुलिस ने दर्ज किया

# पति से प्रताड़ित होकर पत्नी ने लगाई फांसी आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित एक सेक्टर दामखेड़ा में गत 2 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली नव विवाहिता के पति के खिलाफ पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। सुबह करीब चार बजे नव विवाहिता का पति उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया था, वहां उसने बताया था कि पत्नी बेहोश हो गई थी, पीएम कराया गया तो डॉक्टर ने फांसी लगाने से मौत की बात कही थी। पुलिस ने पति से सख्ती से पूछताछ की तो पति ने बताया कि पत्नी ने फांसी लगाई है। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद पति पर प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के अनुसार आरती रजक पति भोला राम रजक (23) मूलतः सागर की रहने वाली थी। आरती के परिजन लंबे समय से भोपाल में रह रहे हैं। 4 अप्रैल 2021 को आरती ने भोला रजक से प्रेम विवाह के बाद शादी की थी। दोनों एक सेक्टर दामखेड़ा में झुग्गी बनाकर रह रहे थे और भोलाराम घर से ही ड्राइक्लीन और प्रेस की दुकान चला रहा था। शनिवार को भोला राम का बर्थ-डे था और वह शराब के नशे में घर पहुंचा था। उसने पुलिस को बताया कि रविवार 2 अक्टूबर रात करीब साढ़े 12 बजे भी वह दोस्त के साथ निकल गया। सुबह करीब साढ़े 4 बजे घर लौटा तो आरती उसे बेहोश मिली थी। वह उसे अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने आरती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस को अनहोनी की आशंका थी। पीएम कराया गया तो डॉक्टर ने अपने ओपिनियन में फांसी लगाने की बात कही। पुलिस ने भोलाराम को बुलाकर पूछताछ की तो उसने बताया कि शनिवार को बर्थ-डे होने के कारण वह शराब के नशे में घर पहुंचा था इस बात को लेकर आरती नाराज थी। रविवार को वह दौबारा अपने दोस्त के साथ निकल गया और सुबह लौटा तो आरती फांसी लगा चुकी थी।

### जांच के बाद प्रकरण दर्ज

मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी को सौंपी गईइथी। एसीपी ने नव विवाहिता के मायके पक्ष और पति के बयान दर्ज किए। इसके अलावा रिश्तेदार और आसपास रहने वालों के भी बयान दर्ज किए गए। बयान में यह बात सामने आई कि आरोपी पति भोलाराम पत्नी आरती को प्रताड़ित कर रहा था। उसी की प्रताड़ना से दुखी होकर आरती ने फांसी लगाई थी।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022